रविवार, 6 जुलाई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 4:57 | सूर्यास्त: 18:25 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा




बर्मिंघम टेस्ट: शुभमन गिल का ऐतिहासिक प्रदर्शन, भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का विशाल लक्ष्य दिया -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : कटुता वहां उत्पन्न होती है, जहां हम स्वार्थ के लिए जुड़ते हैं।

## संदेशखली हिंसा: सीबीआई ने संभाली जांच, टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के संदेशखली में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद हुई राजनीतिक हिंसा की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपने हाथ में ले ली है। इस हिंसा में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं – प्रदीप मंडल, देवदास मंडल और सुकांत मंडल की हत्या कर दी गई थी। सीबीआई ने यह कार्रवाई कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद की है। अदालत ने 30 जून को अपने फैसले में इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने एक विशेष जांच दल के गठन के साथ जांच की निगरानी सीबीआई के संयुक्त निदेशक से कराने को कहा है। सीबीआई ने मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सीबीआई यह पता लगाएगी कि हिंसा के पीछे किसका क्या रोल था और किन राजनीतिक ताकतों की इसमें संलिप्तता रही।यह मामला पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा से जुड़े मामलों में एक अहम मोड़ माना जा रहा है।

# गरीबों की संख्या बढ़ रही, धन कुछ अमीरों के हाथों में केंद्रित हो रहा: गडकरी



**मुंबई :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 'गरीबों की बढ़ती संख्या' पर चिंता जताते हुए कहा कि धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित हो रहा है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने कहा कि धन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है, जहां उन्होंने कृषि, विनिर्माण, कराधान और बुनियादी ढांचे के विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) सहित कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा, धीरे-धीरे गरीब लोगों की संख्या बढ़ रही है और धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित होता जा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। अर्थव्यवस्था को इस तरह से विकसित होना चाहिए कि रोजगार पैदा हो और ग्रामीण क्षेत्रों का उत्थान हो। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे आर्थिक विकल्प पर विचार कर रहे हैं जो रोजगार पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था की वृद्धि को बढ़ावा देगा। धन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है और इस दिशा में कई बदलाव हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने उदार आर्थिक नीतियों को अपनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह को भी श्रेय दिया, लेकिन अनियंत्रित केंद्रीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, हमें इसके बारे में चिंतित होना चाहिए। भारत की आर्थिक संरचना का उल्लेख करते हुए उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्षेत्रीय योगदान में असंतुलन की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, विनिर्माण क्षेत्र 22-24 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र 52-54 प्रतिशत योगदान देता है, जबकि कृषि, ग्रामीण आबादी के 65-70 प्रतिशत हिस्से को शामिल करने के बावजूद, केवल 12 प्रतिशत योगदान देती है। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला। गडकरी ने कहा, सीए अर्थव्यवस्था के वृद्धि इंजन हो सकते हैं। हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। यह केवल आयकर रिटर्न दाखिल करने और जीएसटी जमा करने तक ही सीमित नहीं है। बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बात करते हुए, गडकरी ने परिवहन क्षेत्र में अपनी पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने दावा किया, मैंने ही सड़क निर्माण के लिए 'निर्माण-परिचालन-हस्तांतरण' तंत्र की शुरुआत की थी। गडकरी ने कहा कि सड़क विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, कभी-कभी मैं कहता हूं कि मेरे पास धन की कमी नहीं है, बल्कि मेरे पास काम की कमी है। उन्होंने कहा, अभी हम टोल बूथों से करीब 55,000 करोड़ रुपये कमाते हैं और अगले दो साल में हमारी आय 1.40 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। अगर हम इसे अगले 15 साल तक मौद्रिकृत करते हैं तो हमारे पास 12 लाख करोड़ रुपये होंगे। नए टोल से हमारे खजाने में और पैसा आएगा।

# भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर नीरव मोदी का भाई अमेरिका में गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है।

## देश का सबसे बड़ा मेडिकल एजुकेशन घोटाला: सीबीआई के एफआईआर में बाबा से लेकर ब्यूरोक्रेट्स-पॉलिटिशियन तक

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने देश के इतिहास में सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज घोटालों में से एक का पर्दाफाश किया है। बताया जा रहा है कि ये घोटाला कई राज्यों में फैला हुआ है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, बिचौलिए, शीर्ष शिक्षाविद और यहां तक कि एक स्वयंभू धर्मगुरु भी शामिल हैं। भारत की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली में घपले को उजागर करने वाली इस सनसनीखेज सीबीआई जांच में, एक राष्ट्रव्यापी रिश्वतखोरी रैकेट का पता चला है। इस घोटाले में डीपी सिंह (पूर्व यूजीसी अध्यक्ष और वर्तमान टीआईएसएस चांसलर), स्वयंभू धर्मगुरु रावतपुरा सरकार, इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के सुरेश सिंह भदौरिया और अधिकारियों और बिचौलियों का एक विशाल नेटवर्क जैसे शीर्ष नाम शामिल हैं।उइख ने अपनी एफआईआर में 35 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी संजय शुक्ला भी शामिल हैं, जो रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के चेयरमैन भी रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ वन विभाग के पूर्व प्रमुख और पीसीसीएफ शुक्ला ट्रस्टी की भूमिका में रावतपुरा समूह से जुड़े हुए हैं। हालांकि, अब तक इस मामले में केवल एक व्यक्ति को ही गिरफ्तार किया गया है।

## मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति मिलेई ने द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने पर सहमति जतायी



**ब्यूनस आयर्स :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने शनिवार को भारत-अर्जेंटीना व्यापार में विविधता लाने पर सहमति जतायी तथा रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और खनिज जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, क्योंकि इससे एक-दूसरे के सामरिक हितों को पूरा किया जा सके। मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के तीसरे चरण में शुक्रवार को दो-दिवसीय यात्रा पर ब्यूनस आयर्स पहुंचे। वैसे तो मोदी ने 2018 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अर्जेंटीना की यात्रा की थी, लेकिन 57 साल के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह दक्षिण अमेरिकी देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन्होंने और राष्ट्रपति मिलेई ने व्यापार संबंधों में विविधता लाने तथा कृषि, रक्षा, सुरक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ''फार्मास्यूटिकल्स और खेल जैसे क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने मिलेई के साथ अपनी बैठक को उत्कृष्ट बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हम भारत-अर्जेंटीना राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने और अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के पांच वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन हम इस बात पर सहमत हैं कि आगे की यात्रा और भी अधिक आशाजनक है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पेरियासामी कुमारन ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स सहित कई क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोदी और मिलेई ने रणनीतिक सा-झेदारी को और गहरा करने पर भी सहमति जतायी। कुमारन ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार का विस्तार और विविधता लाने की आवश्यकता पर चर्चा की। कुमारन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहते हुए भारत-एमईआरसीओएसयूआर व्यापार समझौते के विस्तार में अर्जेंटीना का समर्थन मांगा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी गहरे हो सकते हैं। तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) का उद्देश्य भारत और एमईआरसीओएसयूआर समूह के बीच आर्थिक संबंधों का विस्तार करना है, जिसमें अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं।

## कानून और संविधान की व्याख्या समाज की आवश्यकताओं के अनुसार व्यावहारिक होनी चाहिए: न्यायमूर्ति गवई



**मुंबई :** भारत के प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या ''व्यावहारिक'' होनी चाहिए और वह समाज की जरूरतों के अनुकूल होनी चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने यहां मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में कहा कि हाल में उन्हें ''कुछ सहकर्मियों'' के अशिष्ट व्यवहार के बारे में शिकायतें मिली थीं और उन्होंने न्यायाधीशों से संस्थान की प्रतिष्ठा की रक्षा करने का आग्रह किया। उच्चतम न्यायालय के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि किसी भी कानून या संविधान की व्याख्या ''वर्तमान पीढ़ी के सामने आने वाली समस्याओं'' के संदर्भ में की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए। यह समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए।'' न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायाधीशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विवेक और कानून के अनुसार काम करें, लेकिन ''मामले का फैसला हो जाने के बाद उन्हें कभी विचलित नहीं होना चाहिए।'' न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में बात करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ''किसी भी कीमत पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए''। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां करते समय कॉलेजियम यह सुनिश्चित करता है कि योग्यता बनी रहे तथा विविधता और समावेशिता भी बनी रहे। प्रधान न्यायाधीश ने यह भी कहा कि हाल में उन्हें ''कुछ सहकर्मियों के अशिष्ट व्यवहार के बारे में बहुत सारी शिकायतें मिल रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''न्यायाधीश बनना दस से पांच बजे की नौकरी नहीं है, यह समाज की सेवा करने का मौका है। यह राष्ट्र की सेवा करने का मौका है।'' न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''कृपया ऐसा कुछ न करें, जिससे इस प्रतिष्ठित संस्थान की प्रतिष्ठा पर आंच आए, जिसकी प्रतिष्ठा कई पीढ़ियों के वकीलों और न्यायाधीशों की निष्ठा और समर्पण से बनी है।''

# ब्रिटेन में रह रहा हथियार डीलर संजय भंडारी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018' के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया। इस आदेश से संघीय जांच एजेंसी को मजबूती मिली है, क्योंकि अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी। जिला न्यायाधीश (तीस हजारी) संजीव अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि ''संजय भंडारी, पुत्र दिवंगत आर के भंडारी, भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 की धारा 12(1) के तहत एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी है और उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के उपरोक्त प्रावधान के तहत ऐसा घोषित किया जाता है।'' भंडारी की कानूनी टीम ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित करने के ईडी के कदम का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके ''मुवक्किल के ब्रिटेन में रहने को अवैध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसे ब्रिटेन में रहने का कानूनी अधिकार है और भारत सरकार ब्रिटेन की अदालत के फैसले से बंधी हुई है.... भंडारी कानूनी रूप से वहां रह रहा है और ऐसी स्थिति में उसे 'भगोड़ा' घोषित करना कानूनी रूप से गलत है।'' अदालत ने कहा, ''प्रत्यर्पण का प्रयास भले ही विफल हो गया हो, लेकिन इससे अभियुक्त भारतीय कानूनों के उल्लंघन के लिए अभियोजन से मुक्त नहीं हो जाएगा।''

# बिहार: व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या

### सात साल पहले उनके बेटे की कर दी गयी थी हत्या

### नीतीश ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैंठक की



**पटना :** बिहार के जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की यहां उनके आवास के निकट मोटरसाइकिल सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सात साल पहले हाजीपुर में बदमाशों ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गांधी मैदान इलाके इलाके में जब गोपाल खेमका अपनी कार से उतरने वाले थे तब उसकी हत्या कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की और उस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। गोपाल खेमका कथित रूप से भाजपा से संबद्ध थे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कानून व्यवस्था राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ला-परवाही बरतने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।'' बयान में कहा गया, ''नीतीश ने संबंधित अधिकारियों को खेमका की हत्या के मामले की जांच जल्द से जल्द पूरी करने का निर्देश दिया।'' पुलिस अधीक्षक (पटना मध्य) दीक्षा ने संवाददाताओं से कहा, ''स्थानीय थाने के अधिकारी एवं गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है।'' उन्होंने कहा, ''घटनास्थल से गोली और कारतूस मिले हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गोपाल खेमका को मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी।'' उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने व्यवसायी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ हत्या नहीं है, बल्कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास है। दुख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं। इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। कानून को अपने हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जरूरत पड़ी तो मुठभेड़ का भी सहारा लिया जाएगा।''








इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन — टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स


## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 जुलाई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष एकादशी, 21:13 तक, नक्षत्र : विशाखा, 22:33 तक, योग : साध्य, 21:17 तक, सूर्योदय: 4:57, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 14:38, चन्द्रास्त: 00:55, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 16:41 से 18:21

## साप्ताहिक : राशिफल
## 29-06-25 से 05-07-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। जातक सक्रिय बना रह सकता है। अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में जातक खूब परिश्रम कर सकता है। शासन-प्रशासन में लगे जातकों के लिए समय लगभग अनुकूल है थोड़ा परिश्रम एवं संर्घषों के साथ प्रमोशन आदि का लाभ उठाने में जातक सफल हो सकता है। इस सप्ताह जमीन-जायदाद खरीदने का योग बन सकता है। सेना-पुलिस या सरकारी सेवा में लगे जातकों का समय अनुकूल है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अनुकूल रहेगा। घर-परिवार की उन्नति हो सकती है। घरेलू सुख-सुविधाओं का विस्तार हो सकता है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। अच्छे वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति लगाव का बढ़ सकता है। साहित्य, कला, संगीत से जुड़े जातक के लिए समय बहुत अनुकूल है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है पूंजी निवेश करने पर लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। सूर्य के प्रभाव के कारण जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। जातक अपनी कार्य-योजनाओं का थोड़ा चुनौतियों के साथ विस्तार करने में सफल हो सकता है। जहाँ कुछ लोगों का सहयोग मिलेगा वही कुछ कार्यों में व्यवधान डालने का प्रयास विरोधी कर सकते है सावधानी बनाये रखे। शासन-प्रशासन में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है लेकिन छात्रों एवं शिक्षा क्षेत्र में लगे जातकों को थोड़ा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। रहेगा। सप्ताह के मध्य तक स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल बनी रह सकती है। मध्य के बाद थोड़ी चुनौतियाँ बढ़ सकती है। जिससे मानसिक उलझन या तनाव का सामना जातक को करना पड़ सकता है। इस सप्ताह विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है। जो जातक को मानसिक तनाव दे सकते है इसलिए सावधानी बनाये रखे। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। सर्दी-जुखाम एवं पेट संबंधित परेशानी का योग बन सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। सूर्य और मंगल दोनों की स्थिति मजबूत होने कारण जातक सक्रिय बना रह सकता है और अपनी लोक-प्रियता को बढ़ाने में सफल हो सकता है लेकिन राहु की दृष्टि से कारण थोड़ी बहुत चुनौतियाँ भी बनी रह सकती है इस बीच थोड़ा स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। चल-अचल संपत्ति खरीदने का भी योग बन सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है प्रमोशन आदि का लाभ जातक को मिल सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक सक्रिय बना रह सकता है। जातक अपनी सूझ-बूझ एवं दूर-दृष्टि से कई महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी थोड़ा दूर हो सकते है जिससे जातक राहत महसूस कर सकता है। जातक अपनी कुशलनीति से अपनी स्थिति को अनुकूल बना सकता है। न्यायालय आदि के मामलों में जातक को विजय मिल सकती है जिससे जातक राहत महसूस कर सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से सप्ताह उत्तम है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। सप्ताह के प्रांरभ में थोड़ी मानसिक चिंता बनी रह सकती है। सप्ताह के मध्य से स्थितियाँ अनुकूल होने लगेंगी जिससे जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आने लगंगे जिससे जातक को राहत मिलने लगेगी। घेरलू सुख-सुविधाओं में जातक वृद्धि करने में सफल हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। साहित्य, कला, संगीत से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल है। जातक का महत्व बढ़ सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि जातक अपने परिश्रम से स्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण चुनौतियों में बड़ी सफलता मिल सकती है। जातक अपनी सक्रियता एवं कार्य-योजनाओं से लोगों को प्रभावित कर सकता है। जमीन-जायदाद खरीदने का भी योग बन सकता है यद्यपि विरोधी सक्रिय हो सकते है लेकिन जातक अपनी सूझ-बूझ से विरोधियों को प्रास्त करने में सफल हो सकते है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करते समय चुनौतियाँ एवं परेशानियाँ बनी रह सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। इस सप्ताह जातक अपनी सूझ-बूझ से कुछ बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य करने में सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों केलिए भी समय अनुकूल है। जातक को प्रमोशन आदि का भी लाभ मिल सकता है। छात्रों का मन भी पढ़ाई-लिखाई में लग सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा जातक अपनी सूझ-बूझ से कई चुनौतिपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। दूर-दूर की यात्रा या भाग-दौड़ अधिक जातक को करनी पड़ सकती है लेकिन या भाग-दौड़ व्यापार को उचाँई पर ले जाने में सहायक हो सकती है। आयात-निर्यात में लगे जातक का समय अनुकूल है। बड़े लाभ की स्थितियाँ बन सकती है। इस बीच बाजार में पूंजी निवेश करने पर जातक की आर्थिक स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। राहु की उपस्थिति के कारण थोड़ी चुनौतियाँ बनी रह सकती है यद्यपि शनि की शाढ़े-शाती उतरने के कारण स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल हुई थी लेकिन राहु के आ जाने से चुनौतियाँ थोड़ी बढ़ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है जो जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे, नही तो स्वास्थ्य संबंधित परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है व्यापार आदि की दृष्टि से सप्ताह बहुत अनुकूल नही है इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। शनि की शाढ़े-शाती का प्रभाव अभी जातक पर बना हुआ है जिसके कारण हर कार्य क्षेत्रों में जातक के लिए चुनौतियाँ बनी हुई है। इस सप्ताह किसी भी तरह के जोखिम से बचे। अनावश्यक तर्क-वितर्क से स्थितियाँ थोड़ी चुनौतिपूर्ण हो सकती है सावधानी बनाये रखे। छात्रों के लिए भी समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण है पढ़ाई-लिखाई में भी मन कम लग सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से सप्ताह अनुकूल नही है इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करें।

# जनता की संपत्ति अखिलेश यादव की जागीर नहीं: बृजेश पाठक



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को लखनऊ में स्थापित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेप-ीएनआईसी) को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता की संपत्ति उनकी (अखि-लेश यादव) जागीर नहीं है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की जनता को छोटी याददाश्त वाला समझते हैं, लेकिन जनता अब जागरूक है और गुमराह नहीं होगी। पाठक ने जेपीएनआईसी के मुद्दे पर यादव के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा, आपने (यादव) इसे भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था, जबकि यह जनता की गाढ़ी कमाई से बना केंद्र था। हमारी सरकार ने कैबिनेट से प्रस्ताव पारित करके इसे एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) को सौंप दिया, ताकि यह संपत्ति आम लोगों की सेवा में लगे, यह आपकी निजी संपत्ति नहीं थी। इसके पहले शनिवार को ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर एक सोची-समझी रणनीति के तहत पहले मंत्रिमंडल के फैसले के जरिए जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर की सोसायटी को खत्म करने और फिर उसे बेचने की तैयारी करने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) परियोजना के लिए गठित सोसायटी को भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस फैसले में यह भी कहा गया कि इसकी बागडोर एलडीए को सौंपी जाएगी। पाठक ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि 2012 से 2017 तक की समाजवादी सरकार ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जंगल कब्जा, खनन घोटाले और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को संस्थागत रूप से बढ़ावा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस कार्यकाल में चारों तरफ भाई-भतीजावाद और अपराधियों का बोलबाला था, जिसका जवाब जनता ने उन्हें दो बार सत्ता से बाहर करके दिया है।

### युवा कांग्रेस 19 जुलाई को पटना में रोजगार मेला आयोजित करेगी

**पटना :** भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) बिहार के युवाओं के लिए 19 जुलाई को पटना में एक रोजगार मेला आयोजित करेगी। बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आईवाईसी अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र और बिहार की राजग सरकारें युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''जयपुर और दिल्ली के बाद 19 जुलाई को पटना में एक विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह हमारे नेता राहुल गांधी के सपने को हकीकत में बदलने की पहल है। आईवाईसी ने राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रोजगार मेला आयोजित किया था। चिब ने बताया कि शहर के 'ज्ञान भवन' में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा और इसमें 120 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी।

# झारखंड में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से चार लोगों की मौत



**रामगढ़ :** झारखंड के रामगढ़ जिले में बंद पड़ी कोयला खदान में शनिवार को अवैध खनन के दौरान एक हिस्सा ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना जिले के कुजू चौकी के कर्मा इलाके में शनिवार तड़के घटी। रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने कहा, ''दुर्घटना स्थल से चार शव बरामद कर लिये गए हैं...।'' उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद इम्तियाज, रामेश्वर मांझी, वकील करमाली और निर्मल मुंडा के रूप में हुई है। ये सभी लोग आस-पास के गांवों के रहने वाले थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मलबा हटाने के बाद राहत एवं बचाव अभियान रोक दिया गया है। प्रसाद ने बताया, ''मलबा हटा दिया गया है, इसलिए अंदर किसी व्यक्ति के फंसे होने की कोई संभावना नहीं है।'' पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार ने बताया कि यह घटना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक बंद पड़ी कोयला खदान में हुई। उन्होंने कहा, ''कंपनी के पास ऐसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अपने सुरक्षाकर्मी हैं। हमें जानकारी मिलने के बाद हमने सी-सीएल को अपना सहयोग दिया।''

# देश को बौद्धिक रूप से समृद्ध करने वाली शिक्षा की जरूरत : राज्यपाल बागडे



**जयपुर :** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को कहा कि देश को बौद्धिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ करना आज के दौर की सर्वाधिक जरूरत है। बागडे ने यहां विद्या भारती के प्रतिभा सम्मान समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत ने ही 'जीरो' (शून्य) की संख्या विश्व भर को दी इसी से आगे की गिनती प्रारंभ हुई। राज्यपाल ने कहा कि शिवकर बापूजी तलपड़े ने 1895 में भारत में पहला हवाई जहाज उड़ाया था पर विमान उड़ाने का श्रेय राइट बंधुओं को मिला। राज्यपाल ने विनोबा भावे के कहे की चर्चा करते हुए कहा कि जिस दिन देश में आजादी के बाद झंडा बदला गया, उसी दिन देश की शिक्षा नीति में बदलाव होना चाहिए था। शिक्षा का भारतीयकरण होना चाहिए था। आधिकारिक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कहा कि जितने गुरुकुल कभी भारत में थे उतने इंग्लैंड में विद्यालय नहीं थे। गुरुकुल में सर्वांगीण विकास की शिक्षा दी जाती थी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में 16 भाषाएं सिखाई जाती थीं। आज तो तीसरी भाषा का भी विरोध किया जा रहा है।

# श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर हेमा मालिनी के बयान पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जतायी

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले में वृन्दावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण को लेकर जहां सेवायत गोस्वामी, स्थानीय नागरिक और व्यवसायी लगातार विरोध कर रहे हैं, वहीं तनावपूर्ण माहौल के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय सांसद हेमा मालिनी के एक कथित बयान ने स्थानीय नागरिकों की नाराजगी और बढ़ा दी है। जानीमानी अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद हेमा मालिनी का बयान सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर सामने आये एक वीडियो में हेमा मालिनी को यह कहते हुए सुना जा सकता है 'बांके बिहारी का कॉरिडोर बनेगा और जरूर बनेगा। हेमा मालिनी एक सवाल के जवाब में यह कहते भी सुनी जा सकती है कि जो विरोध कर रहे हैं, उनसे कहीं और जाकर बसने के लिए बोलना पड़ेगा। हम लोग बनाएंगे, जरूर बनाएंगे, बांके बिहारी का कॉरिडोर बनेगा। इस कथित बयान पर यहां विभिन्न वर्गों ने नाराजगी जतायी है। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने भगवान कृष्ण द्वारा देवराज इंद्र के अभिमान को तोड़े जाने का उल्लेख करते हुए कहा, भगवान कृष्ण का लोगों को सिखाने का अपना तरीका है। भगवान कृष्ण ने इंद्र के अभिमान को चूर-चूर कर दिया था। हेमा जी को हमें ब्रजभूमि छोड़ने के लिए कहते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए। सेवायत रसिक बिहारी गोस्वामी ने कहा, वह बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने की योजना से प्रभावित लोगों से बात करने कभी नहीं आईं, लेकिन इतने अहंकार में हमें (यह स्थान) छोड़ने के लिए कह रही हैं। स्थानीय व्यवसायी अनिल गौतम ने कहा, ''हमने उन्हें (हेमा मालिनी) मथुरा और वृंदावन से तीन बार इस उम्मीद से चुना कि वे शहर के लोगों के लाभ के लिए काम करेंगी और अब वे हमें जाने के लिए कह रही हैं। मथुरा भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने कहा कि हमें अपने सांसद से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं है। जो बाहर से आया है, उसे जाना ही होगा।''

### युवा कांग्रेस 19 जुलाई को पटना में रोजगार मेला आयोजित करेगी

**पटना :** भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) बिहार के युवाओं के लिए 19 जुलाई को पटना में एक रोजगार मेला आयोजित करेगी। बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आईवाईसी अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र और बिहार की राजग सरकारें युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''जयपुर और दिल्ली के बाद 19 जुलाई को पटना में एक विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह हमारे नेता राहुल गांधी के सपने को हकीकत में बदलने की पहल है। आईवाईसी ने राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रोजगार मेला आयोजित किया था। चिब ने बताया कि शहर के 'ज्ञान भवन' में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा और इसमें 120 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने दावा किया, ''पांच हजार से अधिक युवाओं को मौके पर ही रोजगार मिलने की उम्मीद है।''

### बिहार चुनाव के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान के वास्ते राजद में सर्वेक्षण चल रहा है : लालू

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शनिवार को कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान के वास्ते सर्वेक्षण किया जा रहा है और नामों को अंतिम रूप देने के लिए वह अपने बेटे तेजस्वी यादव के साथ चर्चा करेंगे। लालू ने पार्टी की राष्ट्रीय परिषद को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समारोह में 78 वर्षीय नेता को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। लालू ने कहा, ''आप लोगों के बीच से उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वेक्षण चल रहा है। मैं तेजस्वी के साथ विचार-विमर्श के बाद अंतिम निर्णय लूंगा।'' उन्होंने कहा, ''मैंने तेजस्वी को जिम्मेदारी सौंप दी है । तेजस्वी की जीत सुनिश्चित करने के लिये आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अपना पूरा प्रयास करें।'' तेजस्वी का जिक्र करते हुए लालू ने कहा, ''मुझे उनसे नियमित रूप से प्रतिक्रिया मिलती रहती है। वह हमेशा यात्रा पर रहते हैं, राज्य के दूर-दराज के इलाकों में जाते रहते हैं। कई बार मुझे उनकी यात्रा के बारे में लौटने पर ही पता चलता है।''

# बिहार के जमुई में जल्द बनेगा कौशल विकास विश्वविद्यालय : चिराग पासवान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को घोषणा की कि बिहार के जमुई जिले में जल्द ही एक 'कौशल विकास विश्वविद्यालय' स्थापित किया जाएगा। चिराग दो बार जमुई लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। चिराग पासवान मौजूदा लोकसभा में अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान के गढ़ माने जाने वाले हाजीपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह राज्य की राजधानी पटना में रामविलास पासवान के जन्मदिन पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने कहा कि नया शिक्षण केंद्र बिहार अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (बीआईटीओ) द्वारा स्थापित किया जाएगा। बीआईटीओ एक बिहार के प्रवासियों का समूह है और जिसका उनकी पार्टी के साथ घनिष्ठ संबंध है। चिराग ने कहा, ''मेरे पिता जब केंद्रीय दूरसंचार मंत्री थे तब उन्होंने एक ऐसे समय की कल्पना की थी जब मोबाइल फोन सब्जियों की तरह सस्ते हो जाएंगे। वह सपना अब हकीकत बन गया है।'' इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और पर्यटन मंत्री राजू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। चिराग पासवान ने बीआईटीओ की सराहना करते हुए कहा कि ''यह संस्था दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले बिहारवासियों की मदद से 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे रही है। जमुई में प्रस्तावित कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।''

### पशुपति कुमार पारस जल्द ही महागठबंधन में शामिल होंगे : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि हाल ही में राजग से अलग होने की घोषणा करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं। यादव ने यह बयान राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पारस के आवास पर दिया, जहां वह उनके बड़े भाई रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर गए थे। राजद नेता ने कहा, ''पशुपति कुमार पारस महागठबंधन में शामिल होने के इच्छुक हैं। हम भी उन्हें और सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतों को अपने साथ जोड़ना चाहते हैं। मैंने गठबंधन के अन्य सहयोगियों के साथ भी अपनी भावना साझा की है। इस संबंध में घोषणा उचित समय पर की जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''पशुपति कुमार पारस एक दिग्गज संगठन निर्माता रहे हैं, जिन्हें मैं उन दिनों से जानता हूं जब (रामविलास) पासवान जीवित थे। हमारे परिवारों के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि पारस को हाल के दिनों में क्या-क्या सहना पड़ा।''

### राजस्थान में स्थानीय निकायों के चुनाव टालना चाहती है भाजपा सरकार : डोटासरा




**जयपुर :** कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों को टालने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों, विधानसभा समन्वयकों एवं जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक शनिवार को डोटासरा की अध्यक्षता में हुई। डोटासरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पांच वर्ष में कराने के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके विरूद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा इन चुनावों को और अधिक टालने की है, इसलिए सरकार ने डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बीतने के पश्चात अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग का गठन किया है क्योंकि निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बगैर नहीं कराने के निर्देश उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार येन-केन प्रकारेण स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव टालना चाहती है क्योंकि इन संस्थाओं के चुनाव होने के पश्चात लोग विकास के कार्यों पर भाजपा से सवाल पूछना शुरू करेंगे।

# गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है राजस्थान सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 हजार गांवों में 'बीपीएल' परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शर्मा ने बालोतरा के ग्राम पादरू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाकर हर सामाजिक बुराई का अंत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालक-बालिकाओं की शिक्षा के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में आए परिवर्तन को सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में युवा, महिला, किसान और मजदूर के रूप में जो चार जातियां बतायी हैं उनके सर्वांगीण विकास के लिए राजस्थान सरकार काम कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों का सर्वेक्षण व उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3144

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | | ■ | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | |
| | ■ | 26 | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) उथल-पुथल, 4) इस्तेमाल, 7) पुलिस का एक छोटा अधिकारी, 9) आमदनी, 11) समीप का स्थान, 12) दूल्हा, 14) परिणाम, 16) उपकार, 17) आश्रम, 18) गदीला, 19) बावला, 22) ऊनी चादर, 23) बहुधा, 25) ध्यान, 27) इतवार, 28) अप्रिय.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) किसी अप्रत्याशित घटना से घबराया हुआ, 2) रौनक, 3) अल्प मात्रा, 4) दानशील, 5) डैना, 6) प्राणियों के धड़ और सिर के बीच का अंग, 8) मग्न; तल्लीन, 10) उड़ती खबर, 13) सुगंध, 15) सबक, 16) कार्यान्विति, 18) खज़ाना, 19) निकट, 20) शेर का दहाड़ना, 21) प्रचुरता, 24) एक संतकवि, 26) अलावा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | ह | ना | ■ | अ | ड़ं | गा | ■ | प |
| पो | ■ | रा | म | दा | स | ■ | ली | ड | र |
| ला | ज़ि | म | ■ | म | म | ता | ■ | ■ | स्प |
| ■ | ■ | का | नू | न | ■ | म | धु | क | र |
| के | स | र | ■ | ■ | ब | ड़ | ■ | मा | ■ |
| ■ | र | ■ | क | त्था | क | ■ | कु | ल | व |
| मं | द | कि | नी | ■ | रा | व | टी | ■ | ल |
| ग | र | ■ | नि | ■ | ■ | म | र | द | ना |
| ल | ■ | आ | का | र | ही | न | ■ | ढ़ी | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 1 | |
| | | | | 1 | | 5 | | |
| | 4 | | 6 | | | | 8 | |
| 5 | | 8 | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |
| | 7 | 4 | 8 | | | 6 | | |
| | | 9 | | 6 | 7 | | | 3 |
| | | 6 | | 9 | | | | 4 |
| | | | 1 | | 5 | | | 8 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3100 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 | 2 | 5 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 6 |

# पढ़े-लिखे मुसलमान ममता सरकार को हटाने के लिए आगे आए: समिक भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के नये अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि पार्टी उन कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी, जिन्हें ममता बनर्जी सरकार का 'संरक्षण प्राप्त है'। उन्होंने 'शिक्षित मुसलमानों' से राज्य में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने की अपील की। इस दिन, समिक भट्टाचार्य ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की समावेशिता की विचारधारा में विश्वास रखती है, क्योंकि भारत की पहचान उसकी बहुलता से होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ध्रुवीकरण में विश्वास नहीं करती, क्योंकि हम सभी को प्रगति के मार्ग पर साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं, (यहां) किसी विशेष समुदाय



का तुष्टीकरण नहीं किया जाता। हम किसी भी कट्टरपंथी प्रयास के खिलाफ लड़ेंगे, हम हिंदुओं और अन्य लोगों के खिलाफ किसी भी हमले का विरोध करेंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के साथ उनका कोई मतभेद नहीं है, क्योंकि मुर्शिदाबाद में एक विशेष धर्म के कट्टरपंथी तत्वों द्वारा पुलिस के सामने जिस तरह से उत्पात मचाया गया, उससे वह भी उतने ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह हिंदू एकता की बात करते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। वास्तव में, जो लोग हजारों वर्षों से हिंदुस्तान में रह रहे हैं, वे सभी हिंदू हैं, भले ही वे इस्लाम सहित विभिन्न मत के हों। भाजपा हमेशा से सभी के अपने धर्म का पालन करने के अधिकार के पक्ष में रही है। बहुलवाद ही हिंदुत्ववाद है। राज्यसभा सदस्य भट्टाचार्य ने टीएमसी पर मुस्लिम समुदाय पर अत्याचार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार पुलिस को निष्क्रिय रखती है, जब निर्दोष मुसलमानों पर टीएमसी के गुंडों द्वारा हमला किया जाता है। हाल के वर्षों में, समुदाय के कई सदस्य मारे गए, घायल हुए और उनके घर जला दिए गए। ऐसे हमलों को रोकने के लिए पुलिस ने क्या किया? उन्होंने कहा कि मैं मुस्लिम युवाओं से अपील करता हूं कि वे अपने आर्थिक उत्थान के लिए किताबें लें और पत्थर का त्याग करें। ममता बनर्जी सरकार ने हमेशा उन्हें वोट के लिए इस्तेमाल किया है। भट्टाचार्य ने दावा किया कि टीएमसी की विभाजनकारी राजनीति के कारण कोलकाता में आजादी से पहले की स्थिति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुखर्जी और वाम नेता ज्योति बसु ने यहां रहने वाले लोगों की 'अस्मिता' की रक्षा के लिए काम किया और भाजपा भी उस दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि मैं शिक्षित मुस्लिम समाज से इस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करता हूं। अगले 20 वर्षों में, केंद्र में सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि इस देश के लोग प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के साथ हैं। राज्य में भाजपा की सरकार आपके विकास को गति देगी। भट्टाचार्य ने टीएमसी पर राज्य विधानसभा में विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने अशोक लाहिड़ी जैसे प्रख्यात अर्थशास्त्री की टिप्पणियों को हटा दिया, क्योंकि इस सरकार को अपनी नीतियों की आलोचना बर्दाश्त नहीं है। वह तानाशाही कर रहे हैं। राज्य के लोग 2026 के विधानसभा चुनाव में इस सरकार को समुद्र में फेंक देंगे। उन्होंने टीएमसी पर नफरत की भाषा-आधारित राजनीति का समर्थन करने के लिए भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यहां सदियों से रह रहे बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग क्या हमारे अपने नहीं हैं? हिंदी भाषी समुदाय को निशाना बनाने का प्रयास क्यों किया जाना चाहिए, जो इस राज्य, इस देश से भी ताल्लुक रखते हैं? दरअसल, टीएमसी, जो कांग्रेस की शाखा है, हमेशा संकीर्णता का डीएनए रखती है। याद कीजिए कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को कैसे दरकिनार किया गया था?

## मुहर्रम पर कोलकाता में तैनात होंगे 5,000 पुलिस कर्मी, लालबाजार ने कसी कमर

**कोलकाता :** उल्टारथ के बाद अब मोहम्मरम को लेकर कोलकाता में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस की ओर से लगभग 5,000 पुलिसकर्मियों को शहर में तैनात किया जा रहा है।

मोहम्मरम के अवसर पर निकलने वाली ताजिया जुलूसों के आगे और पीछे पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके।

शहर के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों, और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती होगी। कई जगहों पर पुलिस पिकेट्स लगाए गए हैं।

इसके अलावा सभी डिविजनों के डीसी, एसी और अन्य उच्च अधिकारी स्वयं सड़कों पर मौजूद



रहेंगे और सीधी निगरानी रखेंगे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, केवल ट्रैफिक नियंत्रण ही नहीं, बल्कि शहर की आंतरिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कोलकाता पुलिस की ओर से यह भी बताया गया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीमें भी तैयार रखी गई हैं।

शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए शहर में सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

## डिग्री विवाद में घिरे शांतनु सेन पर और कसा शिकंजा

❑ **आईएमए कोलकाता शाखा ने भी किया निलंबित**

**कोलकाता :** फर्जी डिग्री विवाद में फंसे डॉक्टर और तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता शांतनु सेन पर अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की कोलकाता शाखा ने भी कार्रवाई की है। शुक्रवार को आईएमए कोलकाता शाखा ने उन्हें दो वर्षों के लिए सस्पेंड करने की घोषणा की। इससे पहले पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने भी उनके चिकित्सा पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) को रद्द कर दिया था।

डॉ. शांतनु सेन पर आरोप है कि उन्होंने विदेशी संस्था द्वारा प्रदान की गई एफआरसीपी डिग्री का ग़लत इस्तेमाल किया। आरोपों के अनुसार, उन्होंने बिना भारतीय चिकित्सा परिषद की अनुमति के, उस डिग्री को अपने पहचान पत्रों में शामिल



कर वर्षों तक मरीजों का इलाज किया। हालांकि, शांतनु सेन ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे एक राजनीतिक साजिश बताया है। उनका दावा है कि उनके खिलाफ जानबूझकर अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अब, जब कि उनकी रजिस्ट्रेशन पहले ही रद्द हो चुकी है और अब आईएमए से भी सस्पेंड कर दिया गया है, शांतनु सेन के पेशेवर भविष्य पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## कोलकाता सहित राज्य भर में उल्टा रथ यात्रा धूमधाम से मनाया गया, उमड़े श्रद्धालु

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में शनिवार को श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचा और रथ वापसी का उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्रद्धालु पूर्व मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर दीघा में एकत्र हुए, जहां नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा उत्सव पहली बार मनाया गया। कोलकाता से लगभग 200 किमी दूर दीघा में रथों को 'मासिर बारी' (तीनों देवी-देवताओं की मौसी के घर) से नए जगन्नाथ मंदिर तक खींचा गया और इस दौरान 750 मीटर का रास्ता तय किया गया। कोलकाता में पार्क स्ट्रीट-जेएल नेहरू रोड क्रॉसिंग, मौलाली, पार्क सर्कस 7 प्वाइंट, शेक्सपीयर सारनी, हंगरफोर्ड स्ट्रीट, इस्कॉन मंदिर में हजारों लोग एकत्र हुए और जब रथ खींचे जा रहे थे तो भक्त 'हरे कृष्ण' और 'जय जगन्नाथ' की धुन पर नृत्य कर रहे थे। इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी) द्वारा आयोजित धार्मिक शोभायात्रा में रथों को खींचने के दौरान लोगों में रस्सियों को छूने की होड़ मच गई। नदिया जिले के मायापुर में स्थित इस्कॉन के वैश्विक मुख्यालय में रथ वापसी यात्रा निकाली गई, जहां हजारों भक्त पहुंचे। महानगर के विभिन्न हिस्सों और राज्य के अन्य स्थानों पर भी धार्मिक संगठनों द्वारा रथ खींचे गए



और कई घरों में भी रथ खींचे गए, जहां वर्षों से पारंपरिक रूप से प्रतिमाओं की पूजा की जाती रही है। ढोल की थाप के बीच महेश (हुगली जिला), महिसादल (पूर्व मेदिनीपुर), बेलघरिया (उत्तर 24 परगना) के रथतला, बागबाजार (कोलकाता), जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, इंग्लिश बाजार (मालदह) और राज्य के अन्य हिस्सों में रथ वापसी उत्सव पर फूलों से सजे रथ निकाले गए।

### भाजपा कार्यकर्ता की हत्या मामले में सीबीआई की नई चार्जशीट

## दो पुलिस कर्मियों समेत कुल 38 आरोपित

**कोलकाता, समाज्ञा**

वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक नई पूरक चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कोलकाता पुलिस के दो पुलिस कर्मियों को भी आरोपित बनाया गया है। सीबीआई ने अपनी ताजा चार्जशीट में कोलकाता के नारकेलडांगा थाना क्षेत्र के तत्कालीन थाना प्रभारी शुभोजीत सेन और उसी थाने की महिला सब-इंस्पेक्टर रत्ना सरकार को आरोपित के तौर पर नामित किया है। बता दें कि इससे पहले इसी मामले में तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दो पार्षदों को पहले ही आरोपित बनाया जा चुका है। नई चार्जशीट में जिन राजनीतिक हस्तियों के नाम जोड़े गए हैं, उनमें बेलियाघाटा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक, केएमसी के वार्ड 58 के पार्षद स्वपन समद्दार और वार्ड 30 की पार्षद पापिया घोष शामिल हैं। स्वपन समद्दार वर्तमान में केएमसी की मेयर-



इन-काउंसिल समिति के सदस्य भी हैं। सीबीआई ने दो जुलाई को एक बयान जारी कर जानकारी दी थी कि इस मामले में 18 नए लोगों को आरोपित किया गया है। इसके साथ ही इस हत्याकांड में कुल आरोपितों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। उल्लेखनी है कि शुरुआत में, इस हत्याकांड की जांच कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव विभाग की होमिसाइड शाखा ने की थी, जिसने अपनी चार्जशीट में 15 लोगों को आरोपित बनाया था। लेकिन कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद अगस्त 2021 में सीबीआई ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ली और सितंबर 2021 में 20 आरोपितों के खिलाफ पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें कोलकाता पुलिस द्वारा नामित 15 आरोपितों को भी शामिल किया गया था।

### राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के गांगेय क्षेत्र में कम दबाव बनने की संभावना है जिससे राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुरुलिया, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों के कुछ हिस्सों में सात से 20 सेंटीमीटर तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पश्चिम बर्दवान, पूर्व मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और बांकुड़ा जिलों में भी सात से 11 सेमी तक भारी बारिश होने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने और मजबूत मानसून प्रवाह के कारण इन जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी। आईएमडी ने कहा कि उप-हिमालयी जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार के कुछ हिस्सों में 10 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट में 102 मिलीमीटर बारिश हुई, जो शनिवार सुबह 8:30 बजे तक पूरे हुए 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश थी।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**शुद्धिपत्र**

**क्रमांक 73/पेपर प्रकाशन, दिनांक: 02/07/2025। निविदा क्रमांक 73251040बी** जो 03/07/2025 को खुलने वाली है, उसके संबंध में निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता है। **क्रम संख्या: [01]। विवरण:** टीओडी। **निविदा क्रमांक: 73251040बी। खुलने की तिथि (मौजूदा):** 03/07/2025 से **(संशोधित):** 08/07/2025। **मात्रा:** 1015 सेट।

**PR1/121** उप.सीएमएम/मु./सीएलडब्ल्यू/चिरेका

Visit us on: www.facebook.com/clwrailways

## व्यक्ति नहीं, दल बड़ा! बंगाल बीजेपी अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य का नया संदेश

**कोलकाता :** व्यक्ति से बड़ा दल होता है-यह संदेश अपने कार्यशैली से साफ कर दिया है पश्चिम बंगाल भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य ने। अध्यक्ष पद संभालते ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि व्यक्तिगत प्रचार नहीं, बल्कि पार्टी का प्रतीक ही प्राथमिकता होगी।

मुरलीधर सेन लेन स्थित पार्टी कार्यालय में जहां आमतौर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस होती है, वहां पहले प्रदेश अध्यक्ष की तस्वीर वाला फ्लेक्स लगाया जाता था। लेकिन शमीक ने इस परंपरा को बदल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि उनकी तस्वीर न लगाकर सिर्फ भाजपा के चुनाव चिन्ह 'कमल' का फ्लेक्स लगाया



जाए।

सूत्रों के मुताबिक, शमीक का साफ कहना है कि चेहरा नहीं, प्रतीक महत्वपूर्ण है। इसी के तहत शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के लिए बैकड्रॉप में केवल भाजपा का कमल चिन्ह लगाया गया।

इतना ही नहीं, शमीक भट्टाचार्य ने केंद्रीय सुरक्षा घेरे को भी अस्वीकार कर दिया है। वे खुद को आम कार्यकर्ताओं के और करीब लाना चाहते हैं।

अब देखना यह है कि क्या शमीक इस नई कार्यशैली और प्रतीकात्मक सादगी से पार्टी के भीतर चल रहे गुटबाज़ी को खत्म कर पार्टी को एक नई दिशा दे पाएंगे या नहीं। इसका उत्तर आने वाले समय में सामने आएगा।

## समुद्र में ट्रॉलर डूबने के बाद भी 13 मछुआरें सुरक्षित वापिस लौटे

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के रायदीघी से मछली पकड़ने गहरे समुद्र में निकले 13 मछुआरे एक गंभीर हादसे का शिकार हो गए। रथ के दिन यानी 27 जून को 'भाई भाई' नामक ट्रॉलर में मछुआरे मछली पकड़ने के लिए निकले थे। शनिवार को ट्रॉलर लौटते वक्त बंगाल की खाड़ी में दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रॉलर के नीचे लगा होज पाइप अचानक फट गया, जिससे पानी अंदर भरने लगा और कुछ ही देर में ट्रॉलर पूरी तरह जलमग्न होकर डूब गया। हादसे के वक्त ट्रॉलर में सवार सभी 13 मछुआरे दक्षिण 24 परगना के रायदीघी के निवासी थे। वे समुद्र के बीच संकट में फंसे हुए थे, लेकिन तभी समुद्र में मौजूद 'अब्बा मायेर दुआ' नामक एक अन्य ट्रॉलर ने



मदद के लिए तुरंत कदम उठाए। उस ट्रॉलर ने तेजी से बचाव कार्य शुरू किया और एक-एक करके सभी 13 मछुआरों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला। हालांकि, डूबे हुए 'भाई भाई' ट्रॉलर को अभी तक समुद्र से नहीं निकाला जा सका है।

रायदीघी फिशरमेन वेलफेयर ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अलोक हालदार ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि बचाए गए मछुआरे स्वस्थ हैं और उन्हें रायदीघी घाट पर सुरक्षित लाया गया है।

### दुर्गापूजा के बाद भाजपा जारी करेगी 2026 के चुनाव का घोषणा-पत्र

❑ **सुकांत को मिली विशेष जिम्मेदारी**

**कोलकाता :** अब से एक साल बाद पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होंगे। लेकिन भाजपा घोषणा-पत्र जारी करने के लिए चुनाव आयोग की अधिसूचना (निर्घंट) की प्रतीक्षा नहीं करेगी। पश्चिम बंगाल भाजपा का 2026 विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प-पत्र (घोषणा-पत्र) दुर्गापूजा के बाद ही जारी किया जाएगा। इस संकल्प-पत्र के कवर पृष्ठ की योजना बनाने की जिम्मेदारी राज्य भाजपा के हाल ही में पूर्व हुए अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को सौंपी गई है। चुनाव प्रचार और कार्यक्रमों को लागू करने के लिए कई समितियां भी बनाई जा रही हैं। पार्टी का कहना है कि वह नकारात्मक नहीं, बल्कि सकारात्मक प्रचार पर ज़ोर देगी। अर्थात्, अगर भाजपा सत्ता में आती है तो राज्य के विकास के लिए कौन-कौन से कदम उठाएगी, ये सारी बातें जनता के सामने रखी जाएँगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच, दिनांक 04.07.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शनी के अनुबंधों को प्रदान करने के लिए **www.ireps.gov.in** पर **ई-ऑक्शन कैटलॉग सं. एडीवीटी-एसडीएएच-06-25** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है: **ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-06-25, नीलामी शुरू :** दिनांक 08.07.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण, अनुबंध की अवधि** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-61-24-1, सियालदह रेलवे स्टेशन (जोन ए1) में डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर रेलवे से संबंधित जानकारी के साथ वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन, 05 वर्ष। **एए/2,** एडीवीटी-एसडीएएच-बीएनएक्सआर-ओएसडी-58-24-1, बिधाननगर रोड रेलवे स्टेशन में डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के माध्यम से 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर रेलवे से संबंधित जानकारी के साथ वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन, 05 वर्ष। **एबी/1,** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच -50-25-3, मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार, 03 वर्ष। **एबी/2,** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-51-25-2, मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार, 03 वर्ष। **एबी/3,** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-52-25-2, मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार, 03 वर्ष। **एबी/4,** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-53-25-2, मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार, 03 वर्ष। **एबी/5,** एडीवीटी-लोको-एसडीएएच-एसडीएएच-54-25-2, मुख्य रूप से सियालदह मंडल द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन अधिकार, 03 वर्ष। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

SDAH-111/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

### खड़दह में जमीन विवाद पर दो परिवार आपस में भिड़े, 9 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के खड़दह के रहड़ा थाना इलाके में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर दो परिवार आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में कम से कम 9 लोग घायल हुए है। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया है। मौके पर पुलिस तैनात है। पता चला है कि रहड़ा थाना अंतर्गत खड़दह नगरपालिका के वार्ड एक के जीसी रोड इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच झड़प हो गई। इस दिन, दोपहर में एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा। पता चला है कि एक पक्ष ने दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। ऐसे आरोप लगाए गए हैं। घटना में दोनों पक्षों के करीब 9 लोग घायल हो गए। उनमें से सात को सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## कोलकाता से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की उड़ान 'तकनीकी खराबी' के कारण हुआ रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की एक उड़ान शनिवार की सुबह तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारियों के अनुसार, विमान शुक्रवार की देर रात करीब 1.35 बजे कोलकाता में उतरा। थाई लायन एयर के इस विमान को कोलकाता (सीसीयू) से बैंकॉक डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएमके) के लिए 2.35 बजे उड़ान भरनी थी। बोइंग 737-800 नयी पीढ़ी के विमान





में फ्लैप से संबंधित समस्या उत्पन्न हो गई, जिसके कारण विमान को पीछे धकेलने के बाद पार्किंग स्थल में वापस लौटना पड़ा। अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान में फ्लैप उड़ान भरने और उतरने के दौरान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि यात्री इससे नाखुश थे और उनमें से कई ने एयरलाइन कर्मचारियों पर चिल्लाकर अपनी नाखुशी व्यक्त की। एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है इसलिए उड़ान को दिन भर के लिए रद्द कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि सभी यात्रियों को होटल में ठहरने की सुविधा दी गई है। आज तक उड़ान रद्द है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा कि थाईलैंड के बैंकॉक स्थित डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 151 यात्रियों को लेकर थाई लायन का विमान सुबह 1.23 बजे कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरा। विमान सुबह 2.35 बजे पार्किंग स्थल 60आर से पीछे की ओर हटा। पीछे हटने के बाद विमान में तकनीकी समस्या की सूचना मिली और उसने पार्किंग स्थल में वापस लौटने का अनुरोध किया। विमान को एक बार फिर 2.43 बजे पार्किंग स्टैंड 34 पर खड़ा किया गया। इसके बाद सभी 130 यात्रियों को होटल भेज दिया गया।

### कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस का सनसनीखेज दावा

## दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने गार्ड रूम में घंटों पी शराब, फिर यहां खाया खाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने बड़ा दावा किया है। पुलिस ने कहा कि जांच में सामने आया है कि मामले के मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा ने अपने साथियों के साथ 25 जून को दुष्कर्म करने के बाद रात में बाहर जाने से पहले संस्थान के गार्ड रूम के अंदर जमकर और काफी देर तक शराब पी थी। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी दुष्कर्म करने के बाद अगली सुबह अपने-अपने घर लौटने से पहले रात का खाना खाने के लिए ईएम बाईपास पर एक ढाबे पर गए थे। अधिकारी ने कहा कि अपराध करने के बाद, तीनों ने गार्ड के कमरे में शराब पी और फिर सुरक्षा गार्ड



पिनाकी बनर्जी से घटना के बारे में अपना मुंह बंद रखने के लिए कहा।

❑ **घटना के बाद मनोजीत ने दो प्रभावशाली लोगों को किया फोन**

जांच में पता चला कि 26 जून को अपराध के एक दिन बाद, मनोजीत ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दक्षिण कोलकाता के देशप्रिय पार्क में एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया, जिसने पहले उसकी मदद की थी। हालांकि, माहौल को भांपते हुए, व्यक्ति ने मनोजीत को पीछे हटने की सलाह दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुख्य आरोपी ने भागने का रास्ता खोजने के लिए अपने गुरुओं से मदद मांगी। मनोजीत अपने गुरुओं से मिलने की कोशिश में शहर के विभिन्न हिस्सों जैसे राशबिहारी, देशप्रिय पार्क, गरियाहाट, फर्न रोड और बल्लीगंज स्टेशन रोड गया। मोबाइल टावर डाटा से यह भी संकेत मिला कि वह करया पुलिस स्टेशन के पास किसी से मिला था। जांच में यह भी पता चला कि मनोजीत और अन्य दो ने बहुत पहले ही पूरे मामले की योजना बना ली थी। अधिकारी ने कहा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से पता चला है कि 25 जून की घटना से पहले के दिनों में तीनों के बीच कई बार बातचीत हुई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि जब मनोजीत को आभास हुआ कि पीड़िता पुलिस के पास जा रही है, तब उसने एक वकील को भी फोन कर कानूनी सलाह लेने की कोशिश की थी।

### कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की बैठक के रिकॉर्ड जांच के घेरे में

छात्रा से हुए दुष्कर्म के मामले में कोलकाता पुलिस ने अब कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की बैठकों के रिकॉर्ड को जांच के घेरे में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कॉलेज प्रशासन को मनोजीत मिश्रा के खिलाफ पहले से किसी प्रकार की शिकायतें मिली थीं जिनमें दबंगई, बाहरी लोगों को परिसर में बुलाकर हमला करवाना, हथियारों के जरिए छात्रों को डराना, और छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं शामिल हैं। जांच टीम ने कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की पिछली दो से तीन महीनों की बैठकों के मिनट्स रजिस्टर जब्त कर लिए हैं। इसके अलावा, मनोजीत की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज और उपस्थिति रजिस्टर भी कब्जे में लिए गए हैं।



# कटवा में परित्यक्त मकान में विस्फोट, एक की मौत व एक गंभीर



**पूर्व बर्दवान :** जिले के कटवा महकमा अंतर्गत राजोआ गांव के उत्तरपाड़ा इलाके में एक परित्यक्त मिट्टी के घर में शुक्रवार की रात विस्फोट हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। इस विस्फोट में मिट्टी से बना घर ढह गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात करीब 9.15 बजे एक तेज धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले तो देखा कि एक परित्यक्त घर से आग की लपटें उठ रही हैं और घर पूरी तरह ढह चुका है। तुरंत लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मलबे से एक घायल व्यक्ति को बाहर निकालकर तत्काल कटवा महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके कुछ देर बाद उसी मलबे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस का अनुमान है कि घर में बम बनाते समय यह विस्फोट हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि यह परित्यक्त मकान बम बनाने का अड्डा बन चुका था। बताया जा रहा है कि बम बनाने में शामिल कुछ लोग बीरभूम से आए थे। जिस घर में यह घटना हुई वह स्थानीय निवासी, स्वर्गीय मंटू शेख का है। उनके निधन के बाद उनके बेटे यह मकान छोड़कर कहीं और बस गए हैं, जिसके बाद यह घर सुनसान और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग की शिक्षा से खिलवाड़ नहीं चलेगा : कलकत्ता हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी



**कोलकाता :** पति-पत्नी के झगड़े में नाबालिग की शिक्षा बाधित नहीं हो सकती-इस सख्त टिप्पणी के साथ कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने 11 वर्षीय बालक की शिक्षा से जुड़े एक मामले में ऐतिहासिक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि किसी नाबालिग की शिक्षा उसके माता-पिता के आपसी विवाद का शिकार नहीं बन सकती और उसकी पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी पिता को उठानी होगी।

मामला मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज निवासी सोमनाथ सरकार और कुहुमिता ब्रह्म (निवासी जियागंज) से जुड़ा है, जिनका विवाह 2013 में हुआ था। पांच वर्षों से चल रहे वैवाहिक विवाद में उनका बेटा, जो एक बंगाली माध्यम स्कूल में कक्षा 5 का छात्र है, शिक्षा से वंचित हो रहा था। कुहुमिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह बच्चे को अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नहीं पढ़ा पा रही थीं।

सोमनाथ ने इस विषय को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस पर न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने राज्य शिक्षा विभाग के वकील को तलब किया और निर्देश दिए कि बच्चे को जियागंज के किसी अच्छे अंग्रेजी माध्यम के सरकारी विद्यालय में तुरंत दाखिला दिलाया जाए। इसके लिए, दोनों अभिभावकों को पूर्ण सहयोग करना होगा, और पिता को पूरे शिक्षा खर्च और स्कूल आने-जाने के लिए अलग वाहन की व्यवस्था करनी होगी।

अदालत ने यह भी कहा कि इस आदेश की निगरानी बहरामपुर के अतिरिक्त जिला जज करेंगे, और किसी भी लापरवाही पर दोनों पक्ष पुनः अदालत की शरण ले सकते हैं। न्यायमूर्ति की यह टिप्पणी अब न्यायपालिका में एक महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जा रही है।

### टू यम्म! ने अनन्या पांडे को के-बॉम्ब का चेहरा बनाया

**कोलकाता :** देश के युवाओं के बीच लोकप्रिय स्नैक ब्रांड टू यम्म! ने कोरियन-स्टाइल इंस्टेंट नूडल्स की अपनी सफल के-बॉम्ब रेंज के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इस नई साझेदारी के तहत, ब्रांड ने एक इनोवेटिव क्यूआर-कोड आधारित अभियान की शुरुआत की है, जो देशभर में चर्चा का केंद्र बन चुका है। टू यम्म! के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर योगेश तिवारी ने इस अवसर पर कहा, अनन्या की ऊर्जा से भरी पर्सनैलिटी और युवाओं से उनका मजबूत जुड़ाव, टू यम्म! के के-बॉम्ब नूडल्स की मज़ेदार और स्वादिष्ट पहचान से पूरी तरह मेल खाती है। उनकी प्रभावशाली छवि और सहजता उन्हें आज के जागरूक और ट्रेंडी उपभोक्ताओं के बीच ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए एक आदर्श चेहरा बनाती है।

## गैंगरेप मामले के बाद खुला कसबा कॉलेज, प्रवेश के लिए सख्त निर्देश जारी

**कोलकाता :** गैंगरेप के गंभीर आरोप के बाद बंद पड़ा कसबा कॉलेज आखिरकार आज से फिर से खोल दिया गया, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के लिए कड़े नियम और शर्तें लागू की हैं।

सोमवार से कॉलेज में कक्षाएं सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेंगी। पहले सेमेस्टर के छात्रों को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक फॉर्म भरने की अनुमति दी गई है।

चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर के छात्रों को मंगलवार से गुरुवार तक कॉलेज आने की अनुमति है, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट पेपर जमा कर सकें।

- **मंगलवार:** चौथे सेमेस्टर के छात्र
- **बुधवार:** छठे सेमेस्टर के छात्र
- **गुरुवार:** आठवें सेस्टर के छात्र



- **समय:** सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फोटोयुक्त पहचान पत्र के बिना किसी को भी कॉलेज में प्रवेश नहीं मिलेगा। कॉलेज आने का कारण गेट पर सुरक्षाकर्मी को बताना अनिवार्य है।

बिना आवश्यक कारण या संतोषजनक स्पष्टीकरण के कॉलेज में प्रवेश पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

गंभीर घटना के बाद यह कदम कॉलेज परिसर में अनुशासन और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## सीमा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें : बीएसएफ एडीजी

- **कोलकाता में बीएसएफ के फील्ड कमांडर्स सम्मेलन में एडीजी ने परिचालन तैयारियों की समीक्षा की**
- **बिना बाड़ वाली सीमाओं पर प्राथमिकता से बाड़ लगाने के कार्य को पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) आईपीएस महेश कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को फील्ड कमांडर्स सम्मेलन में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर परिचालन तैयारियों की गहन समीक्षा की। कोलकाता स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय इस उच्चस्तरीय फील्ड कमांडर्स सम्मेलन में बल के पूर्वी कमान के अंतर्गत सभी छह फ्रंटियर मुख्यालयों और दो प्रशिक्षण संस्थानों के



महानिरीक्षकों (आईजी) के साथ ही मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए, जिसकी अध्यक्षता एडीजी ने की। पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि सम्मेलन के दौरान एडीजी अग्रवाल ने सीमाओं की रक्षा में तकनीकी आधुनिकीकरण, स्थानीय सहभागिता और अनुकूल नेतृत्व के महत्व पर बल दिया। उन्होंने क्षेत्रीय कमांडरों को निर्देश दिया कि वे सभी संभावित परिचालन एवं लाजिस्टिक चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार रहें। पूर्वी कमान के प्रवक्ता ने बताया कि एडीजी ने सीमा क्षेत्रों में बीएसएफ की अपराध नियंत्रण और स्थानीय नागरिकों के प्रति सेवा भावना की सराहना करते हुए सभी फील्ड कमांडरों से आह्वान किया कि वे सीमा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने नवीनतम निगरानी तकनीकों को अपनाने, स्मार्ट समाधान अपनाने और भविष्य के खतरों के लिए अग्रिम सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। एडीजी ने भारत- बांग्लादेश सीमा पर भूमि अधिग्रहण मामलों को मिशन मोड में निपटाने और बिना बाड़ वाली सीमाओं पर प्राथमिकता से बाड़ लगाने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांग्लादेश सीमा के साथ लगते दुर्गम सुंदरबन क्षेत्र में प्रभावी सीमा प्रबंधन पर भी विशेष बल दिया। सम्मेलन की शुरुआत आईजी (आपरेशन) संजय कुमार मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने समन्वित नेतृत्व, रणनीतिक योजना और संयुक्त कार्यवाही की महत्ता को रेखांकित किया।

## फरक्का में मोबाइल की किश्त के पैसे मांगने पर दोस्त के पिता की पीटकर हत्या

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का थाना अंतर्गत आछुआ गांव में दोस्त को किश्तों पर मोबाइल दिलाना एक युवक के परिवार पर भारी पड़ गया। शुक्रवार की रात किस्त की रकम मांगने पर युवक के पिता की कथित तौर पर लाठी और रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस हमले में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक की पहचान अछुआ गांव के निवासी असगर शेख (52) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, असगर शेख के बेटे आन्नार शेख ने अपने दोस्त जॉनी शेख को किश्तों पर एक मोबाइल फोन खरीदकर दिया था। शुरुआत में जॉनी ने एक किश्त चुकाई, लेकिन उसके बाद बाकी रकम देने से टालमटोल करने लगा। कई बार अनुरोध के बाद भी जब पैसा नहीं मिला, तो आन्नार शुक्रवार शाम जॉनी के पिता रेहेसान शेख से शिकायत करने गया।

उस दौरान दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद आन्नार अपने घर लौट आया। कुछ देर बाद जॉनी शेख, उसके पिता रेहेसान शेख और अन्य परिवारजन आन्नार के घर पहुंचे और लाठी तथा लोहे की रॉड से आन्नार शेख और उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में आन्नार शेख, उसके पिता असगर शेख और उसका एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तुरंत बेनियाग्राम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने असगर शेख को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को जंगीपुर महकमा अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना की खबर मिलते ही फारक्का थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि विवाद की शुरुआत मोबाइल की किश्त के पैसे को लेकर हुई थी, लेकिन अन्य किसी कारण की भी जांच की जा रही है।

मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आरोपितों की तलाश जारी है। इस वारदात के बाद गांव में तनाव है।

## पूर्व रेलवे कोलकाता और लालकुआं के बीच चलाएगा श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने कोलकाता और लालकुआं के बीच श्रावणी मेले के दौरान स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष ट्रेन के माध्यम से करीब 14,300 बर्थ की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों को अधिक विकल्प और सुविधा मिल सकेगी। 05060 लालकुआं-कोलकाता श्रावणी मेला स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 10 जुलाई से 28 अगस्त तक दोपहर 13:35 बजे लालकुआं से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 05059 कोलकाता-लालकुआं श्रावणी मेला स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 12 जुलाई से 30 अगस्त तक सुबह



05:00 बजे कोलकाता से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह समेत कुल 33 स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी तथा वातानुकूलित श्रेणी की बोगियां होंगी।

## सोशल मीडिया पोस्ट के बाद भिड़े, हथियार दिखाने के आरोप में तीन किशोर गिरफ्तार

**आसनसोल :** सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें एक किशोर पर हथियार निकालने का आरोप लगा। इस घटना में पुलिस ने तीन किशोरों को गिरफ्तार किया और एक हथियार बरामद किया। अभियुक्तों के नाम बिकाश कुमार कुरमी, बलराम कुमार चौहान और शुभम कुमार महतो है। आरोपियों की उम्र 18 से 20 साल के बीच बताई जा रही है और वे एक-दूसरे को जानते हैं। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। बताया गया है कि गत शुक्रवार की रात अंडाल थाने के उखड़ा फाटक क्षेत्र में यह घटना हुई। विवाद की शुरुआत सोशल मीडिया पर टिप्पणी से हुई। एक किशोर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिस पर दूसरे युवक ने टिप्पणी की। इस टिप्पणी को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। रात में दोनों किशोर अंडाल थाने के उखड़ा से आमलौका जाने वाली सड़क पर एरोसिटी रोड पर आमने-सामने हुए। उनके साथ कुछ दोस्त भी मौजूद थे। टिप्पणी को लेकर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही मारपीट




में बदल गई। इस दौरान एक किशोर ने हथियार निकालने का आरोप लगा। सूचना मिलते ही उखड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और तीन किशोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक हथियार और एक राउंड कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को दुर्गापुर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

### शाहरूख खान, सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका के भव्य उद्घाटन में होंगे शामिल

**कोलकाता :** अभिनेता शाहरूख खान 2 अगस्त 2025 को श्रीलंका पहुंच रहे हैं। वे सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शाहरुख को साउथ एशिया के पहले लक्ज़री इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिज़ॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है। सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिज़ॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा। इसी के साथ लक्ज़री एवं एंटरटेनमेन्ट का नया दौर शुरू होगा, जहां मेहमान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, होटल के भव्य कमरों, कायाकल्प करने वाले वैलनैस रीट्रीट्स, लक्ज़री रीटेल अनुभवों तथा देश के सबसे बड़े और सबसे बेहतरीन मीटिंग एवं इवेंट स्पेसेज़ का अनुभव पा सकेंगे।

## नर्सिंग होम में 'दादागिरी' मामले में नहीं मिली राहत

- **बीजेपी नेता कौस्तभ बागची को फिर भेजा पुलिस नोटिस**

**बारासात/बैरकपुर :** प्राइवेट नर्सिंग होम में कथित बवाल के मामले में पहले पुलिस समन से अनुपस्थित रहने के बाद, बीजेपी नेता और वकील कौस्तभ बागची को बारासात पुलिस ने एक बार फिर नोटिस भेजा है। पुलिस ने उन्हें अब मंगलवार को मोहनपुर थाने में हाजिर होने का आदेश दिया है।

पहले नोटिस के अनुसार कौस्तभ को शुक्रवार सुबह 11 बजे थाने में पेश होना था, लेकिन उन्होंने व्यस्तता का हवाला देकर पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। इसके बाद शनिवार को उन्हें दूसरा नोटिस भेजा गया जिसमें तीन दिन का समय देकर मंगलवार को उपस्थित होने को कहा गया है।

हालांकि, कौस्तभ ने साफ कर दिया है कि वे नोटिस के आधार पर सीधे पुलिस के सामने हाजिर होंगे



या नहीं, यह वे कानूनी सलाह लेने के बाद तय करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि, शासक दल का उद्देश्य ठीक नहीं है। मेरे घर के बाहर प्रदर्शन किया गया, हमला होने की आशंका थी। कोर्ट के आदेश पर मुझे सुरक्षा मिली हुई है।

बागची ने इस पूरे मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय गृह सचिव को शिकायत पत्र भी भेजा है।

माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और तेज़ हो सकती है।

## सीटा सभागार में जीएसटी पर परिचर्चा, अधिकारियों ने विसंगतियों पर दिए समाधान




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतवर्ष की प्राचीनतम संस्था द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) के सभागार में जीएसटी - विसंगतियां एवं समाधान विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, कंचन हलदर (अतिरिक्त राजस्व आयुक्त), मोहन सरकार (उपायुक्त, बिक्री कर), स्वाहा बोस (सहायक बिक्री कर आयुक्त), नीलांजन राय चौधुरी (राज्य कर अधिकारी), अनिर्बान बासु (राज्य कर अधिकारी) एवं श्री नीलाद्री चौधुरी (सहायक आयुक्त, राज्य कर) उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपस्थित सभी सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास किया और विभिन्न कर संबंधी मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे पश्चिम बंगाल में बिजली व्यवसाय से जुड़े संस्थानों ने सर्वाधिक कर प्रदान किया है, जो गर्व की बात है। साथ ही यह भी उल्लेख किया कि सीटा के सभी सदस्य जीएसटी पंजीकृत हैं, जो अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर सीटा अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जीतू), उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा, सचिव आलोक कुमार सिंह, सह सचिव अविनाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राज कुमार बरडिया, कर उपसमिति के संयोजक डॉ. मुकेश सिन्हा तथा उपसमिति सदस्य मदन मोहन भट्टर, उमाकांत अग्रवाल और अरविंद डागा की अथक मेहनत से कार्यक्रम को अपार सफलता मिली। उपरोक्त जानकारी मिडिया संयोजक हरेंद्र कुमार मिश्रा एवं सह संयोजक अरविंद तिवारी (बाबा) द्वारा प्रेषित की गई।

## फूल तोड़ने पर सिविक वालंटियर ने कराई उठक-बैठक

### अपमान से महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर के पांसकुड़ा की घटना के बाद अब नदिया जिले के शांतिपुर में सिविक वालंटियर की दादागिरी का मामला सामने आया है। इस बार एक महिला ने अपनी जान गंवा दी। परिजनों का दावा है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शांतिपुर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सिविक वालंटियर और महिला दोनों पड़ोसी हैं और शांतिपुर थाने के नृसिंहपुर मध्यपाड़ा इलाके के निवासी हैं। मृतका के परिजनों के अनुसार, गुरुवार सुबह महिला फूल तोड़ने सिविक वालंटियर के घर गई थी। आरोप है कि उसे ऐसा करते सिविक वालंटियर ने देख लिया। इसके बाद महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उसे पेड़ से बांधकर सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर उठक-बैठक कराई गई। काफी देर बाद महिला घर लौटी और तब से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी।

इसके बाद, शनिवार तड़के परिजनों ने उसे घर में फांसी से लटका पाया। शांतिपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का यह भी आरोप है कि आरोपी सिविक वोलंटियर अक्सर पुलिस का डर दिखाकर धमकाता था और इलाके में दादागिरी करता था। मृतका के परिजन आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि आरोपी अभी फरार है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पांसकुड़ा में चिप्स चोरी के आरोप में एक नाबालिग को सिविक वालंटियर ने बाजार में पीटा था और घर लौटकर बच्चे ने आत्महत्या कर ली थी। उस मामले में भी आरोपी सिविक वालंटियर अब तक गिरफ्त से बाहर है।

## हावड़ा मंडल ने ट्रैक सुरक्षा में एक नया मानक किया स्थापित

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने मंडल के हर स्थायी पथ निरीक्षक (पीडब्ल्यूआई) कार्यालय में मॉडल टेस्ट ट्रैक के निर्माण की शुरुआत की है। यह पहल पूर्व रेलवे के मुख्य ट्रैक इंजीनियर (सीटीई) की दूरदर्शी योजना के अनुरूप है और मंडल की आधारभूत संरचना की उत्कृष्टता तथा सुरक्षा मानकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मॉडल टेस्ट ट्रैक एक विशेष सुविधा है, जो नियंत्रित परिस्थितियों में वास्तविक ट्रैक की स्थितियों का अनुकरण करती है। ये ट्रैक अनुसंधान, विकास, परीक्षण, अंशांकन और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक हैं और फील्ड ऑपरेशन्स एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के लिए उच्च गुणवत्ता का मानदंड स्थापित करते हैं। इन ट्रैकों के माध्यम से गेज-कम-क्रॉस लेवल के उपकरणों का अंशांकन किया जाता है तथा तापमान, टो लोड जैसे




महत्वपूर्ण मापदंडों की नियमित जांच संभव होती है, जो ट्रैक सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में हावड़ा मंडल में अधिकांश पीडब्ल्यूआई इकाइयों में गेज जांच तीन महीने की अवधि में की जाती है, लेकिन अब इसे मासिक जांच करने की सलाह दी गई है। प्रत्येक कार्यालय में परीक्षण के आंकड़ों को दर्ज करने के लिए समर्पित रजिस्टर रखा जाता है, जिससे डेटा की पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित होता है। यह सुव्यवस्थित मॉडल परीक्षण प्रणाली क्षेत्रीय मापों में त्रुटि की संभावना को कम करती है और ट्रैक संरचना एवं सुरक्षा में निरंतर सुधार को बढ़ावा देती है। पूर्व रेलवे रेल सुरक्षा और विश्वसनीयता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के लिए नवाचारी प्रथाओं और उन्नत निगरानी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बंग साहू समाज ने भामाशाह सम्मान समारोह में समाज के नवरत्नों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंग साहू समाज द्वारा भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन 29 जून को समाज के कार्यालय में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर समाज के 30 नवरत्नों को उनके समाज कल्याण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के कार्यकारिणी सदस्यगण, महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं और समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस समारोह में बंग साहू समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, अध्यक्षा सीमा साव, अखिल भारतीय तैलिक साहू सभा के उपाध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता, सलाहकार जगदीश प्रसाद साह, सलाहकार व महामंत्री (पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा) मिश्रीलाल साव, राजनीतिक प्रकोष्ठ (पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा) के दुर्गा प्रसाद साव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साव, सरजू प्रसाद साव,




मंटू साव, संदीप कुमार गुप्ता, महासचिव विजय कुमार साव, महिला प्रकोष्ठ महासचिव कंचन गुप्ता, संयुक्त सचिव कार्तिक साव, मनोज कुमार, विजय कुमार साव, गणेश साव, अंजन प्रकाश साव (गुप्ता), कोषाध्यक्ष उमाशंकर साव, हिसाब परीक्षक सुनील कुमार गुप्ता, युवा अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार साव, दिलीप साव, पिन्टू कुमार साव, संतोष कुमार गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ की बीना साव (सह सचिव), विशाखा साव, ज्ञानवती साव, संगीता साव और पूनम साव उपस्थित रहे। सम्मानित विभूतियों में रूपचंद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद साव, नकुल शाह, खीरू साव, दुर्गा प्रसाद साव, सुनीता गुप्ता (जेपी), संदीप कुमार गुप्ता, गोवर्धन गुप्ता, धनंजय गुप्ता, अशोक कुमार साव, राजकुमार साहू, अनुराजू साव, राजेश्वर साव, अशोक गुप्ता, अशोक कुमार साव, रंजीत साव, सीए आई.डी. गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, आनंद प्रकाश गुप्ता, अनिल कुमार साव, संतलाल साव, सरजू प्रसाद साव, राजेश साव (राज ट्रेडिंग), विजय कुमार साव, उमाशंकर साव, अशोक कुमार साव (गुप्ता), राजीव कुमार, संजय साव, मंटू साव और रतन साव शामिल थे। इन सभी विभूतियों ने समाज के कल्याण और विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है और परस्पर सहयोग प्रदान करते रहे हैं। बंग साहू समाज ने यह घोषणा की कि समाज के ऐसे सम्मान समारोह भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के सेवाभावी व्यक्तित्वों को सदा स्मरण किया जा सके और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके।

### अमेजन पर 12 से 14 जुलाई तक प्राइम डे सेल, होम और किचन प्रोडक्ट्स पर भारी छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन अपने नौवें प्राइम डे के साथ 12 से 14 जुलाई 2025 तक होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स के नए लॉन्च पेश कर रहा है। इस दौरान 750 से अधिक लोकप्रिय प्रोडक्ट्स पर शानदार छूट और सबसे कम दामों पर डील्स मिलेंगी। ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक कार्ड से भुगतान पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ-साथ छोटे अप्लायंसेज और फर्नीचर पर 1200 रुपये तक कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं। एयर कूलर, स्विमिंग एक्सेसरीज और वॉटर बॉटल्स जैसे गर्मियों के आवश्यक सामान पर भी आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं। इस प्राइम डे पर यूरेका, बॉश, टॉवर, बटरफ्लाय जैसे प्रमुख ब्रांड्स के नवीनतम और प्रीमियम प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका है। ग्राहक अपने घर और आउटडोर लाइफस्टाइल को स्मार्ट और स्टाइलिश बनाने के लिए इस सेल का भरपूर फायदा उठा सकते हैं।

# भगवान जगन्नाथ 9 दिन बाद लौटे अपने निवास, संपन्न हुई महेश की 629वीं रथ यात्रा

**हुगली :** 629 वर्षों से चली आ रही महेश की ऐतिहासिक रथ यात्रा शनिवार को विधिवत सम्पन्न हो गई। नौ दिन तक मौसी बाड़ी में विश्राम करने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा पारंपरिक रथ पर सवार होकर अपने मूल निवास स्थान महेश मंदिर लौटे। इस अवसर पर शहर भक्ति, उल्लास और संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

शनिवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब रथ मार्ग पर उमड़ पड़ा। 'जय जगन्नाथ' के नारों से वातावरण गूंज उठा। पारंपरिक संगीत, शंखऔर घंटों की ध्वनि ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।



हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींची और इस पुण्य अवसर का भागीदार बने।

महेश की रथ यात्रा को बंगाल की सबसे पुरानी रथ यात्रा कहा जाता है, जिसकी शुरुआत सन 1397 में बताई जाती है। कहा जाता है कि एक बंगाली वैष्णव भक्त द्रौपदी दास महापात्रा पुरी से जगन्नाथ जी की मूर्ति लेकर महेश आए और यहां इस रथयात्रा की परंपरा की नींव रखी। तभी से यह रथ यात्रा हर वर्ष आषाढ़ मास की शुक्ल द्वितीया तिथि से शुरू होती है और नवमी के दिन भगवान की वापसी (उल्टा रथ) के साथ समाप्त होती है।

चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तरफ से रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट, सिविल डिफेंस और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर यात्रा को सफल और शांतिपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीसीटीवी ड्रोन कैमरों से निगरानी, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, पानी की उपलब्धता और रास्तों की साफ-सफाई को प्राथमिकता दी गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति के साथ रथ खींचा और भगवान जगन्नाथ के जयकारे से महेश की गलियां गूंज उठीं। इस दिन चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी जवालगी, सांसद कल्याण बनर्जी, विधायक अरिंदम गुइन समेत कई गणमान्य लोग इस ऐतिहासिक रथ का साक्ष्य रहे।

# उल्टा रथ यात्रा में पहुंचे सांसद कल्याण बनर्जी का केंद्र और विरोधियों पर तीखा हमला

❑ **महुआ मोइत्रा पर भी साधा निशाना**

**हुगली :** जिले के महेश में आयोजित 629 वर्षीय ऐतिहासिक उल्टा रथ यात्रा के मौके पर पहुंचे श्रीरामपुर के तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार, विपक्षी दलों और अपनी ही पार्टी की सांसद पर जमकर निशाना साधा। इससे पहले वे भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर नृत्य करते नजर आए।



मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि देश में सबसे अधिक बलात्कार दिल्ली और उत्तर प्रदेश में होते हैं लेकिन तथाकथित मीडिया का एक वर्ग इसे दिखाता नहीं। उन्होंने सवाल किया कि जब औसतन प्रतिदिन चार बलात्कार होते हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्या कर रहे होते हैं?

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जो लोग इन घटनाओं में मारे जा रहे हैं, वह प्रधानमंत्री मोदी के पापों का नतीजा है।

बात यहीं खत्म नहीं हुई। उन्होंने अपनी ही पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा पर हमला बोलते हुए कहा कि माकपा नेता दीप्सिता धर और महुआ मोइत्रा उनके खिलाफ कुप्रचार की होड़ में लगी हुई हैं। उन्होंने सीपीएम को बलात्कारी उत्तराधिकारी कहकर भी कटाक्ष किया।

सांसद कल्याण बनर्जी ने कसबा लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले का भी जिक्र किया और मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा को कॉलेज में अस्थायी तौर पर नियुक्त किए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने दोषियों को संरक्षण देने वालों पर भी सख्त टिप्पणी की।

## ठेकेदार को फोन पर धमकी देने के आरोप में तृणमूल कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** डोमजूर थाना क्षेत्र में एक ठेकेदार को फोन पर धमकी देने के आरोप में हावड़ा के चामराईल ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक तृणमूल कार्यकर्ता शुभम दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गंगासागर इलाके के निवासी ठेकेदार विश्वनाथ पोल्ले को कारखाने का काम छोड़ने और जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस घटना को लेकर डोमजूर विधायक कार्यालय का नाम सामने आ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि फोन कॉल विधायक कार्यालय से किया गया था। हालांकि, डोमजूर के विधायक कल्याण घोष ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके कार्यालय से किसी को कोई धमकी नहीं दी गई है। मामले की जांच डोमजूर थाना की पुलिस कर रही है।

## 1.78 लाख की नकली नोटों के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगाच्छा थाना की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस द्वारा 3 जुलाई को पकड़े गए आरोपी विक्की लस्कर उर्फ रमिज राजा लस्कर के बयान के आधार पर डीडी की एक टीम ने दत्तपुकुर थाना अंतर्गत नेताजी पल्ली स्थित एक मकान में छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने राहुल बिश्वास उर्फ तुहिन बिश्वास (28) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 500 के जाली नोटों में कुल 1,78,000 बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसका स्थायी निवास लिलुआ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में है, लेकिन वह दत्तपुकुर में एक किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने राहुल को देर रात गिरफ्तार कर शनिवार को अदालत में पेश किया। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।



# साल्टलेक में बंद घर से सड़ी गली अवस्था में मिली युवक की लाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधाननगर के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिषबाथान में शनिवार को टाटा मोटर्स के एक कर्मचारी पलाश कांति मजूमदार सड़ा गला शव उसके किराए के घर में मिला। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने उक्त युवक की मौत के रहस्यमयी हालात की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पलाश को आखिरी बार 3 जुलाई को सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच पड़ोसियों ने अपनी बाइक साफ करते हुए देखा था। इसके बाद, वह अचानक लापता हो गया और उसका कमरा बंद रहा, किसी ने उसे घर से बाहर निकलते नहीं देखा। इस दिन, सुबह में मकान मालिक ने बंद कमरे से तेज दुर्गंध पाया। कुछ गड़बड़ होने का संदेह होने पर मकान मालिक ने तुरंत इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन को सूचित किया।



मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो पाया कि पलाश कांति मजूमदार का शव फंदे से लटका हुआ था। शव से पता चलता है कि उसकी मौत कई दिनों पहले हो चुकी थी। हालांकि, शुरुआती आकलन में आत्महत्या की संभावना जताई गई है, लेकिन पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को आरजी कर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**महेश उल्टा रथ यात्रा के दौरान तृणमूल विधायक संयंतिका बनर्जी का बयान**

# 'विकृत मानसिकता वाले कहीं भी दे सकते हैं बलात्कार को अंजाम'

**हुगली :** 629 वर्षीय ऐतिहासिक महेश जगन्नाथ उल्टा रथ यात्रा के अवसर पर तृणमूल कांग्रेस की विधायक और लोकप्रिय अभिनेत्री संयंतिका बनर्जी मासीबाड़ी स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ दर्शन किए।



पूजा के बाद मीडिया से बातचीत में संयंतिका बनर्जी ने हाल ही में हो रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बलात्कार की घटनाओं पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'विकृत मानसिकता वाले लोग कहीं भी - स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थान या मंदिर - बलात्कार की घटना को अंजाम दे सकते हैं।'

संयंतिका ने बताया कि राज्य विधानसभा में हाल ही में एक सख्त कानून पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून प्रभावी होगा और इसके तहत ऐसे अपराधियों को शीघ्र और कठोर सजा मिलेगी। इससे अपराधों में निश्चित रूप से कमी आएगी।'

# रामपुरहाट में भगवान की तस्वीरों की आड़ में गांजा तस्करी की कोशिश, तीन गिरफ्तार



**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट में भगवान की तस्वीरों की आड़ में गांजा तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो स्थानीय और एक बाहरी है। पुलिस को शक है कि गांजे को दूसरे राज्यों में तस्करी करने की योजना थी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बहरामपुर से सिउड़ी होते हुए झारखंड जाने वाली बस से तीन बदमाश उतरे। तस्करी की सूचना मिलने पर रामपुरहाट थाने की पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि भगवान की तस्वीर के पीछे गांजा छिपाकर तस्करी की योजना थी। तस्वीर वाले कई बैग बरामद किए गए। बता दें कि झारखंड के देवघर में कुछ ही दिनों में श्रावणी मेला शुरू होने वाला है। वहां कई साधु-संत आते हैं। उनमें से कई गांजा का सेवन करते हैं। पुलिस जांच कर रही है कि वहां गांजा तस्करी की योजना थी या नहीं। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि कितना गांजा बरामद हुआ। बीरभूम के पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने कहा कि हम बहरामपुर से झारखंड जाने वाली सड़क पर विशेष निगरानी रख रहे हैं। तीन लोगों को पूछताछ के लिए रामपुरहाट थाने ले जाया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है।



**श्रावणी मेले से पूर्व ठनठनिया जनसेवा संघ मेला समिति के पदाधिकारी कांवड़ियों को सेवा हेतु झारखंड के देवघर के लिए हुए रवाना।**

# चिकित्सा लापरवाही से मासूम की मौत, कल्याणी जेएनएम अस्पताल में हंगामा

**कोलकाता :** कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और जमकर हंगामा हुआ। सूचना मिलते ही कल्याणी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को सिर दर्द और उल्टी की शिकायत पर बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने बुधवार को सिटी स्कैन कराने की सलाह दी। रिपोर्ट में मस्तिष्क में पानी भरने की बात सामने आई और एमआरआई की जरूरत बताई गई। परिजनों का आरोप है कि वरिष्ठ डॉक्टरों ने सलाह दी कि बच्चे की हालत सुधरने पर ही आगे की जांच हो। लेकिन शुक्रवार रात जूनियर डॉक्टर और नर्सों ने सिटी स्कैन के लिए दबाव बनाया और दुर्व्यवहार किया। यहां तक कहा गया कि स्कैन न कराने पर बच्चे को अस्पताल से बाहर कर दिया जाएगा। दबाव में आकर परिजनों ने सिटी स्कैन की अनुमति दी। आरोप है कि सहमति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर करवाए गए। स्कैन के दौरान बच्चे को बेहोश करने की दवा दी गई, जिसके बाद वह होश में नहीं आया। शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# नेशनल फैशन शो में दिव्यांग बच्चों के साथ महिला प्रतिभागियों ने कैटवाक कर जलवा बिखेरा

❑ **कारगिल विजय दिवस और ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में यादगार समारोह में नारी शक्ति का हुआ वंदन**


**हावड़ा, समाज्ञा :** कारगिल विजय दिवस और ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में सकमन भाग्य फाउंडेशन और मगध प्रोडक्शन की ओर से शनिवार की शाम हावड़ा में एक यादगार नारी शक्ति सम्मान समारोह के साथ नेशनल फैशन शो आयोजित आयोजित किया गया। हावड़ा के सांतरागाछी स्थित फार्च्यून पार्क पंचवटी होटल में आयोजित इस भव्य रंगारंग समारोह में कारगिल युद्ध में बलिदान होने वाले कई सैन्य अधिकारियों व जवानों की पत्नियों को नारी सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना सहित विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम के आयोजक व सकमन भाग्य फाउंडेशन के डायरेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी में फैशन शो में बंगाल सहित विभिन्न राज्यों से आईं करीब 60 से ज्यादा युवा महिला प्रतिभागियों ने रैंप पर कैटवॉक कर अपना जलवा बिखेरा, जो आकर्षण का केंद्र रहा। आटिज्म से पीड़ित दिव्यांग बच्चों ने भी फैशन शो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसको सभी ने सराहा। खास बात यह रही कि कारगिल युद्ध में बलिदान होने वाले जवानों की पत्नियों ने भी दिव्यांग बच्चों के साथ रैंप पर उतरकर कैटवाक किया, जिसकी सभी ने सराहना की और पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि नेशनल फैशन शो का यह पांचवां संस्करण था।

# रिसड़ा में मोहर्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त, 16 अखाड़ा कमेटियां लेंगी भाग

**हुगली, समाज्ञा :** मोहर्रम के मौके पर हुगली जिले के रिसड़ा में निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।




रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार ने बताया कि मोहर्रम शोभायात्रा के मद्देनजर समन्वय बैठक की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे मार्ग को सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल वॉच टॉवर, ड्रोन कैमरे, और बॉडी कैमरे से कवर किया जाएगा। शोभायात्रा की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप ही शोभायात्रा की अनुमति दी गई है। इस बार की शोभायात्रा में कुल 16 अखाड़ा कमेटियां भाग लेंगी।

प्रशासन ने साफ निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार का डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल कलाबाजी की अनुमति दी गई है, लेकिन शस्त्रों का प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा। यदि कोई शस्त्र प्रदर्शन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है ताकि यह धार्मिक आयोजन सौहार्द्र और शांति के वातावरण में संपन्न हो सके।

## नाबालिग का नहाने का वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** पुलिस ने हुगली जिले में लड़कियों के स्नान का वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेलिंग करने वाले 'बाथरूम गैंग' के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले के मोगरा थाना क्षेत्र की 8वीं कक्षा की एक पीड़ित छात्रा ने इस गिरोह के कुकृत्यों को सामने लाने का साहस दिखाया है। गिरोह का मुख्य निशाना नाबालिग छात्राएं थीं। 'बाथरूम गैंग' के सदस्य पहले चुपके से नाबालिगों के स्नान का वीडियो बनाते थे तथा उसके बाद इसे इंटरनेट मीडिया पर बहु प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। फिर लगातार यौन शोषण करते थे। प्रताड़ित लड़कियां डर से चुपचाप सबकुछ सहती रहती थीं। पीड़ित छात्रा की शिकायत पर मुख्य आरोपित संजीत दावान उर्फ छोटका और एक अन्य रोहित अधिकारी उर्फ हुलो को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, गिरोह के बाकी सदस्य अभी भी फरार हैं। पीड़िता के मुताबिक, इलाके की कई नाबालिग लड़कियां इस गिरोह की हवस की शिकार हुई हैं। बाकी लड़कियां लोक-लाज के डर से इस मामले को सामने नहीं ला रही हैं। दूसरी तरफ, राज्य बाल आयोग ने इस मामले में गहरी चिंता जताते हुए गिरोह द्वारा बनाए गए अश्लील वीडियो समेत यौन शोषण के सबूतों को एकत्र करने के आदेश दिए हैं।



# आतिथी एग्रो प्रोडक्ट्स एलएलपी ने कोलकाता में आयोजित किया पहला डीलर मीट



**कोलकाता, समाज्ञा :** आतिथी एग्रो प्रोडक्ट्स एलएलपी ने शनिवार को कोलकाता के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल (एचएचआई) में अपने पहले डीलर मीट का सफल आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित करना और उनके साथ साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना था। इस अवसर पर अशोक कुमार गोयल, हरीश गोयल, आशीष गोयल, अंकित गोयल, गौरव गोयल और वेदांत गोयल सहित कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं व्यवसायिक भागीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आतिथी एग्रो प्रोडक्ट्स एलएलपी की विकास यात्रा, उत्पाद नवाचारों और विपणन विस्तार योजनाओं पर प्रस्तुति दी गई। कंपनी ने अपने दोनों ब्रांड- आतिथी और शिवशंकर के नए पैकेजिंग डिज़ाइन और उत्पाद श्रृंखलाओं को भी प्रस्तुत किया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डीलरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, डीलरों की प्रतिक्रिया और सुझाव जानने के लिए एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया और कार्यक्रम के अंत में नेटवर्किंग लंच का आयोजन किया गया ताकि आपसी सहयोग और सौहार्द को प्रोत्साहित किया जा सके। इस मौके पर कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष **सुशील पोद्दार** ने कहा, यह मीट कंपनी की वृद्धि में डीलरों की महत्व-पूर्ण भूमिका का प्रमाण है। जैसे-जैसे कंपनी अपने कदम आगे बढ़ा रही है, यह आवश्यक है कि उनके लक्ष्य एक समान हों और इन संबंधों को और सशक्त किया जाए।

# गाय को बचाने के चक्कर में दूध से भरा टैंकर नहर में गिरा



❑ **24 हजार लीटर दूध ले जा रहा था टैंकर, घंटों फंसा रहा पानी में**

**हुगली :** जिले के दादपुर थाना अंतर्गत होदला के पास दुर्गापुर हाइवे पर शनिवार सुबह एक दूध से भरा टैंकर सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठा और नहर में जा गिरा। टैंकर चालक ने बताया कि टैंकर में लगभग 24 हजार लीटर दूध भरा हुआ था, जिसे अमूल के संयंत्र तक पहुंचाया जाना था। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और चालक सुरक्षित है। घटना के बाद स्थानीय लोग और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से टैंकर को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। कई घंटे तक टैंकर नहर में ही फंसा रहा, जिससे यातायात भी आंशिक रूप से बाधित रहा।

# एलआईसी ने पेश की दो नई बीमा योजनाएं, बचत और सुरक्षा का अनूठा संयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दो नई योजनाएं बाजार में उतारी हैं। 4 जुलाई 2025 को एलआईसी के सीईओ और एमडी (प्रभारी) सतपाल भानु ने इन योजनाओं - एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना संख्या 912) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना संख्या 911) - का शुभारंभ किया। ये योजनाएं जीवन बीमा की सुरक्षा के साथ-साथ कोष निर्माण का भी बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। एलआईसी की नव जीवन श्री एक सीमित प्रीमियम एंडोमेंट योजना है, जिसमें 6, 8, 10 और 12 वर्षों की प्रीमियम भुगतान अवधि का विकल्प है। पॉलिसीधारकों को 10 से 20 वर्षों की अवधि में 8.50% से 9.50% तक गारंटीड एडिशन मिलता है। न्यूनतम बीमा राशि 5,00,000 रखी गई है जबकि अधिकतम बीमा राशि की कोई सीमा नहीं है। वहीं, एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम योजना एकमुश्त प्रीमियम पर आधारित एंडोमेंट पॉलिसी है, जिसमें प्रत्येक वर्ष 85 प्रति हजार बीमा राशि की दर से गारंटीड एडिशन दिया जाता है। इस योजना की न्यूनतम बीमा राशि 1,00,000 है। एलआईसी का कहना है कि ये योजनाएं वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में निश्चित रिटर्न की तलाश करने वालों के लिए उपयुक्त हैं।

# बुढ़िया माई का मंदिर, गोरखपुर

## हमारी अनजानी धरोहर 75



डॉ. एस. के. सैनी

गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ का मंदिर पूरी दुनिया जानती है लेकिन गोरखपुर से 12 किलोमीटर दूर कुसमी के जंगल में स्थित बुढ़िया माई का मंदिर लोक आस्था व पूर्वांचल की धरोहर का अदभुत केंद्र है। यहां पर लोग दूर-दूर से और खास और पश्चिम बिहार से और पूर्वी उत्तर प्रदेश से दर्शन करने के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि जो यहां सच्चे मन से बुढ़िया माई का पूजा अर्चना करेगा वह कभी भी असमय काल के गाल में नहीं समायेगा। बुढ़िया माई उसकी हमेशा रक्षा करेंगी।

लोगों में यह कहानी प्रचलित है कि यहां पर एक श्वेत वस्त्र धारी चमत्कारी वृद्धा दिखाई देती है जो अचानक ही गायब हो जाती है।

कुसमी के जंगल में थारू लोग रहते हैं। यह एक जनजाति है जो वनों की रक्षा करती है वन लगाती है और अपनी जीविकोपार्जन करती है। कहते हैं कि थारू लोग अपनी वनदेवी की पूजा के लिए तीन पिंडिया रखते हैं थारू आदिवासियों कहना है कि उन पिंडियों के आसपास कभी-कभी चमत्कारी श्वेत वस्त्र धारी वृद्धा दिखाई देती है जो अचानक ही गायब हो जाती है।

लोग कहते हैं कि 600 वर्ष पहले यहां पर इस समय एक वृद्धा ने तपस्या की थी और इस तपस्या के फल स्वरुप यहां पर आने वाले श्रद्धालु काल भैरव से बचकर रह जाते हैं एक बार की बात है मैं सर्दियों में नंगे पाँव नदी पार करके नौका से




और दूसरी तरफ नदी के अति प्राचीन मंदिर में प्रणाम करने गया था और वहां से आते-आते मुझे भयंकर ठंड लग गई थी और जनवरी के महीने में नंगे पांव ठंड शरीर में बैठ गई थी। थोड़ी देर में मुझे बुखार आ गया किंतु फिर भी मैंने माता रानी को प्रणाम किया और वापस अपने बंगले पर आ गया।

आकर खाना खाया और सो गया जब मैं उठा तो मुझे ना दर्द था ना सर दर्द था। मैं एकदम सामान्य अवस्था में अपने आप को महसूस कर रहा था..

यह है इस स्थान की श्रद्धा और चमत्कार तो मैंने महसूस किया है यह मंदिर देखने में छोटा है किंतु यहां पर श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है। लोग यहां पर आते हैं माता के दर्शन करते हैं दिनभर यही गुजारते हैं। और छपरा, सिवान और चंपारण की तरफ निकल जाते हैं। दूर-दूर से जो श्रद्धालु आते हैं। यहां पर पूजा अर्चना के लिए नारियल पुष्प और मिठाई का प्रसाद रखें। इस नारियल को बाहर तोड़ने का विधान है अगरबत्ती को भी बाहर जलाया जाता है मंदिर मे सिर्फ पुष्पांजलि मां को समर्पित की जाती है।

# नीटू का सपना



डॉ.मंजरी शुक्ला

नीटू की झोपड़ी जंगल के पास ही थी। वह माँ के कहने पर कई बार जंगल में सूखी लकड़ियाँ बीनने जाता था। एक बार वह जंगल में गया तो घुमते घामते एक पेड़ के सामने पहुँचकर ठिठक गया। उस पेड़ पर स्टील के नए चमचमाते बर्तन टंगे हुए थे। किसी डाल पर कटोरी थी तो किसी डाल पर चम्मच और एक डाल पर तो चमचा, कलछी और गिलास टँगें हुए थे। नीटू ख़ुशी से ताली बजाने लगा। पेड़ ताली की आवाज़ सुनकर झुका तो नीटू को याद आया कि उसके घर में गिलास नहीं है। सब चुल्लू से पानी पीते है या फिर कटोरी से।

नीटू ने एक गिलास तोड़ लिया और चला गया। अगले दिन नीटू एक बड़े बर्तन मैं पानी लाया और पेड़ की जड़ों में डाल दिया। पेड़ ख़ुशी से झूम उठा। बर्तन खनक उठे। रुनझुन सी घंटियाँ बज उठी। नीटू ने खुश होकर ताली बजाई तो पेड़ फ़िर झुका। नीटू को याद आया कि माँ लकड़ी से गर्म दाल हिलाती है। उसने हाथ बढ़ाकर एक चमचा तोड़ लिया। अगले दिन उसने फ़िर से पेड़ की जड़ों में पानी डाला। पेड़ ने झूमते हुए अपनी ख़ुशी दिखाई। नीटू ने देखा कि पेड़ पर दुबारा गिलास और चमचा टँगें हुए थे। तभी नीटू को किसी ने झिंझोड़ा। उसने कुनमुनाते हुए आँखें खोली तो सामने माँ खड़ी थी।



ओह! मैं सपना देख रहा था..

कौन सा..माँ ने प्यार से पूछा

पर यह क्या माँ के हाथ मैं तो स्टील का नया चमचमाता हुआ चमचा था।

तो क्या मैं पेड़ से चमचा तोड़ कर लाया था या माँ बाजार से खरीद आकर लाई? नीटू हँसते हुए सोचने लगा।

# अनमोल का आत्मबोध



त्रिलोक नाथ पांडेय

शरद ऋतु की मृदुल संध्या थी। गगन की विशालता में स्वर्णिम किरणें मानो सन्ध्या-आरती का दीप प्रज्वलित कर रही थीं। ग्राम्य जीवन की निस्तब्धता में, कहीं दूर से मृदंग की धीमी थाप सुनाई दे रही थी। उसी ग्राम में एक विनीत बालक रहता था - अनमोल।

अनमोल अल्पभाषी था, आत्मसंकोच से ग्रस्त। विद्यालय में जब शिक्षकजन प्रतियोगिताओं की घोषणाएँ करते, तो अन्य छात्र उत्साहपूर्वक सम्मिलित होते, परंतु अनमोल सदा मौन साधे रहता। उसे लगता, मानो उसका आत्मबल ही लुप्तप्राय है।

एक दिन विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता की उद्घोषणा हुई। अनमोल का सखा मोंटी उल्लासपूर्वक बोला, मैं तो मंच पर जाऊँगा! क्या तू भी चलेगा, अनमोल?

परंतु अनमोल ने पुनः मौनव्रत धारण कर लिया। उसकी दृष्टि भूमि पर टिक गई, जैसे मन की शंका और भय ने उसे जकड़ लिया हो।

संध्या समय वह घर लौटकर अपनी दादी माँ के समीप जा बैठा। उसके नेत्रों में मौन प्रश्न थे। दादी ने स्नेहसिक्त स्वर में पूछा, क्या बात है, बेटा?

अनमोल ने धीरे से कहा, दादी, मैं चाहकर भी मंच पर नहीं बोल सकता। मेरा हृदय कांप उठता है...



दादी ने उसे आलिंगन में भरते हुए एक पुरातन ग्रंथ निकाला। पृष्ठ पलटते हुए उन्होंने एक चित्र की ओर संकेत किया - एक गंभीर दृष्टि वाले, वटवृक्ष से धैर्यवान महापुरुष -विलियम जेम्स।

दादी ने उद्घोषणा की भाँति कहा, इन महापुरुष ने कहा था -'अपने जीवन को बदलने के लिए तुरंत आरंभ करो। इसे उत्साहपूर्वक करो। कोई अपवाद नहीं।

यह वाक्य मानो अनमोल के अंतःकरण में दीपशिखा बनकर प्रज्वलित हो गया।

रात्रि में जब तारे आकाश में दीपों-से झिलमिला रहे थे, अनमोल अपने छोटे-से पृष्ठ पर भाषण लिख रहा था। उसके हृदय में आशंका थी, परंतु साथ ही एक नवीन प्रकाश भी - साहस।

अगले दिवस प्रतियोगिता का आयोजन था। मंच पर पहुँचते हुए अनमोल का हृदय धकधक करने लगा। परन्तु दादी का स्वर उसके मानस में गूँज उठा -

कोई अपवाद नहीं।

उसने गम्भीरता से श्वास ली, मंच की ओर उन्नत दृष्टि से देखा, और धीरे-धीरे, पर आत्मविश्वास से युक्त स्वर में अपना भाषण आरम्भ किया।

प्रारंभिक वाक्य के उपरांत उसका स्वर स्थिर हुआ। शब्दों में स्पष्टता और भावों में संप्रेषण आ गया। जब उसका भाषण समाप्त हुआ, तो विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अनमोल को लगा - उसने स्वयं को पहचान लिया।

उस दिन के उपरांत वह पूर्ववत संकोची बालक न रहा। अब वह जो भी कार्य करता, उसे पूरे उत्साह एवं मनोयोग से करता। उसका आत्मबल पुनः जागृत हो चुका था।

# मात्र 31 वर्ष की आयु में प्राण त्याग दिए थे महर्षि दधीचि ने!

## रहस्य कथा

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

कहते हैं, श्मशान में जब महर्षि दधीचि के मांसपिंड का दाह संस्कार हो रहा था तो उनकी पत्नी अपने पति का वियोग सहन नहीं कर पायीं और पास में ही स्थित विशाल पीपल वृक्ष के कोटर में 3 वर्ष के बालक को रख स्वयम् चिता में बैठकर सती हो गयीं। इस प्रकार महर्षि दधीचि और उनकी पत्नी का बलिदान हो गया किन्तु पीपल के कोटर में रखा बालक भूख प्यास से तड़प तड़प कर चिल्लाने लगा। जब कोई वस्तु नहीं मिली तो कोटर में गिरे पीपल के गोदों (फल) को खाकर बड़ा होने लगा। कालान्तर में पीपल के पत्तों और फलों को खाकर बालक का जीवन येन केन प्रकारेण सुरक्षित रहा।

एक दिन देवर्षि नारद वहाँ से गुजरे। नारद ने पीपल के कोटर में बालक को देखकर उसका परिचय पूंछा-

नारद- बालक तुम कौन हो ?

बालक- यही तो मैं भी जानना चाहता हूँ ।

नारद- तुम्हारे जनक कौन हैं ?

बालक- यही तो मैं जानना चाहता हूँ ।

तब नारद ने ध्यान धर देखा। नारद ने आश्चर्यचकित हो बताया कि हे बालक ! तुम महान दानी महर्षि दधीचि के पुत्र हो। तुम्हारे पिता की अस्थियों का वज्र बनाकर ही देवताओं ने असुरों पर विजय पायी थी। नारद ने बताया कि तुम्हारे पिता दधीचि की मृत्यु मात्र 31 वर्ष की वय में ही हो गयी थी।

बालक- मेरे पिता की अकाल मृत्यु का कारण क्या था?


नारद- तुम्हारे पिता पर शनिदेव की महादशा थी।

बालक- मेरे ऊपर आयी विपत्ति का कारण क्या था?

नारद- शनिदेव की महादशा।

इतना बताकर देवर्षि नारद ने पीपल के पत्तों और गोदों को खाकर जीने वाले बालक का नाम पिप्पलाद रखा और उसे दीक्षित किया।

नारद के जाने के बाद बालक पिप्पलाद ने नारद के बताए अनुसार ब्रह्मा जी की घोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया। ब्रह्मा जी ने जब बालक पिप्पलाद से वर मांगने को कहा तो



पिप्पलाद ने अपनी दृष्टि मात्र से किसी भी वस्तु को जलाने की शक्ति माँगी। ब्रह्मा जी से वर्य मिलने पर सर्वप्रथम पिप्पलाद ने शनि देव का आह्वान कर अपने सम्मुख प्रस्तुत किया और सामने पाकर आँखे खोलकर भष्म करना शुरू कर दिया। शनिदेव सशरीर जलने लगे। ब्रह्मांड में कोलाहल मच गया। सूर्यपुत्र शनि की रक्षा में सारे देव विफल हो गए। सूर्य भी अपनी आंखों के सामने अपने पुत्र को जलता हुआ देखकर ब्रह्मा जी से बचाने हेतु विनय करने लगे। अन्ततः ब्रह्मा जी स्वयम् पिप्पलाद के सम्मुख पधारे और शनिदेव को छोड़ने की बात कही किन्तु पिप्पलाद तैयार नहीं हुए। ब्रह्मा जी ने एक के बदले दो वर्य मांगने की बात कही। तब पिप्पलाद ने खुश होकर निम्नवत दो वरदान मांगे, जिनमे पहला वरदान था, जन्म से 5 वर्ष तक किसी भी बालक की कुंडली में शनि का स्थान नहीं होगा जिससे कोई और बालक मेरे जैसा अनाथ न हो जबकि दूसरा वरदान मुझ अनाथ को शरण पीपल वृक्ष ने दी है, अतः जो भी व्यक्ति सूर्योदय के पूर्व पीपल वृक्ष पर जल चढ़ाएगा, उस पर शनि की महादशा का असर नहीं होगा। ब्रह्मा जी ने तथास्तु कह वरदान दिया।

तब पिप्पलाद ने जलते हुए शनि को अपने ब्रह्मदण्ड से उनके पैरों पर आघात करके उन्हें मुक्त कर दिया जिससे शनिदेव के पैर क्षतिग्रस्त हो गए और वे पहले जैसी तेजी से चलने लायक नहीं रहे। अतः तभी से शनि शनैःचरति यः शनैश्चरः अर्थात जो धीरे चलता है वही शनैश्चर है, कहलाये और शनि आग में जलने के कारण काली काया वाले अंग भंग रूप में हो गए। शनि की काली मूर्ति और पीपल वृक्ष की पूजा का यही धार्मिक हेतु है। आगे चलकर पिप्पलाद ने प्रश्न उपनिषद की रचना की, जो आज भी ज्ञान का वृहद भंडार माना जाता है। लेख प्रस्तुत कर्ता आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

-अवार्डी स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# दांपत्य में प्रेम और मधुरता लाने के लिए

किशन लाल शर्मा

- पति पत्नी को एक दूसरे से प्रेम करना चाहिए। बेवजह-बिना बात न झगड़ें। अनावश्यक बहस में न उलझें।
- पति पत्नी को एक दूसरे पर विश्वास करना चाहिए। उन्हें आपस में शक नहीं करना चाहिए।
- शिष्टाचार का दांपत्य में अपना महत्त्व है। पति पत्नी को आपस में शिष्ट व्यवहार करना चाहिए।
- पति पत्नी को अलग नहीं समझना चाहिए। दोनों मिलकर रहें, तभी सुखी रहता है।
- एक दूसरे की योग्यता का सम्मान करें।
- एक दूसरे को मूर्ख न समझें, न ही बेवकूफ बनाने की कोशिश करें।
- अपने जीवन साथी में कोई कमी हो तो उसका मजाक न उड़ायें बल्कि उस कमी को दूर करने का प्रयास करें।
- जीवन साथी को सुखी रखने का हर संभव प्रयास करें।
- पति पत्नी एक दूसरे को दिल से प्यार करें।
- दांपत्य संबंधों में ठंडापन न आने दें।
- सिर्फ घर में रहने से दांपत्य में बोरियत आ सकती है, अतः जब तब यात्रा पर जाना दांपत्य में नवीनता ला सकता है। साल में एक बार देश-विदेश भ्रमण जरुर करें।
- एक दूसरे के प्रति दयालु रहें।
- एक दूसरे पर न हंसें । न जीवन साथी का मजाक ही बनायें।
- बोलते समय दिमाग का इस्तेमाल करें। अनर्गल या उल्टा सीधा न बोलें।
- हर काम में न करना न सीखें ।
- एक दूसरे की दिल से प्रशंसा करना सीखें।
- छुट्टी के दिन पिकनिक पर जाना दांपत्य में नवीनता लाता है।
- हर बात में प्रश्न न करें।
- दांपत्य में बदले का स्थान नहीं है। किसी बात पर पति-पत्नी एक दूसरे से बदला लेने की न सोचें।
- सेक्स का दांपत्य में अपना महत्व है। पति पत्नी के सेक्स सम्बन्ध जितने मधुर और अच्छे होंगे, उनका दांपत्य उतना ही प्रगाढ़ होगा। सेक्स औरत-आदमी में स्फूर्ति लाता है और अनेक बीमारियों से दूर रखता है।
- दांपत्य में लेन देन की भावना रखें।
- गृहस्थी चलाने में एक दूसरे की सहायता करें।
- पति पत्नी बेवजह एक दूसरे से दूर न रहें।
- गलती हो जाने पर जीवन साथी से माफी मांगने में शरम कैसी?
- पति पत्नी को विवाह वर्षगांठ और एक दूसरे की जन्म तिथि याद रखनी चाहिए। विवाह वर्षगांठ को उत्साह से मनायें।
- जीवन साथी की रूचि, इच्छा का हमेशा ख्याल रखें।
- दांपत्य में मधुरता लाने के लिए मास में कम से कम एक दिन पत्नी को गृहस्थी के रोज के काम से आराम दें। स्वयं उन कार्यों को करें और पत्नी को आराम करने दें।
- अगर पति पत्नी इन बातों पर अमल करें तो उनका दांपत्य जीवन सुखी हो सकता है। (उर्वशी)



# स्टाइलिश बाल, स्टाइलिश लुक



विद्या रानी

खूबसूरती आपके रंग रूप से ही नहीं संवरती बल्कि आपके बाल भी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। गायकों और कवियों ने बालों को लेकर न जाने कितने नगमों को सुर दिया। कहते हैं बाल कुदरत की देन हैं लेकिन इस देन को अब लोग एक स्टाइल में नहीं रखना चाहते। यही वजह है कि लोग पहले से भी ज्यादा अवेयर हो गए हैं।

औरत का गहना उसके बाल भी माने जाते हैं, तभी वो भावनात्मक रूप से अपने बालों से भी जुड़ी होती है। पहले की अभिनेत्रियों के हेयर स्टाइल में कुछ अलग ही सादगी थी और नए हेयर स्टाइल्स की शुरूआत का क्रेडिट भी उन्हें जाता है जिनमें सायरा बानो साधना, वहीदा रहमान, नीतू सिंह, और हेमा मालिनी जैसी अभिनेत्रियों का नाम लिया जाए तो गलत नहीं होगा।

अगर बात उनके बाद की अभिनेत्रियों की जाए तो माधुरी दीक्षित का स्टेप हेयर स्टाइल और रानी मुखर्जी का लेजर ज्यादातर लड़कियों की पहली पसंद है, वहीं प्रीति जिंटा के हेयर स्टाइल ने भी खूब तारीफें बटोरी हैं। अब सिर्फ लड़कियां ही बालों को नए स्टाइल देने में नहीं जुटी हैं बल्कि लड़के भी किसी से कम नजर नहीं आते। तभी पार्लर में लड़कियों की भीड़ के साथ-साथ लड़कों की भीड़ आसानी से देखी जा सकती है।

जहां पहले देवानंद, राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों के हेयर स्टाइल ने दीवाना कर रखा था अमिताभ का स्टाइल तो युवा वर्ग की जान थी, वहीं नए जमाने में शाहरूख के बिखरे बालों का स्टाइल हो या 'तेरे नाम' में सल्लू मियां का स्टाइल, युवा वर्ग को खासा आकर्षित करता है। अगर बात जॉन अब्राहम की जाए तो उनके हेयर स्टाइल ने चारों तरफ धूम मचा रखी है लेकिन वक्त के साथ-साथ लोगों की पसंद भी बदलती है। यही वजह है कि अपने नए सुपर स्टार क्रिश यानी रितिक का हेयर स्टाइल युवा वर्ग के सिर चढ़ कर बोल रहा है लेकिन धोनी के हेयर स्टाइल के बिना बात कुछ अधूरी सी लगती है। आखिर लगे भी क्यों न? पूरी दुनियां के साथ-साथ जानी मानी हस्तियां भी उनके हेयर स्टाइल की दीवानी हैं।

आज बच्चे भी चाहते हैं कि उनके बालों को एक नया रूप दिया जाए इसलिए बच्चों में भी क्रेज देखने को मिलता है, वहीं बुजुर्ग भी नए हेयर स्टाइल को बिंदास होकर अपनाने लगे है।

गौर किया जाए तो बालों को नया लुक देने से एक गज़ब का कॉनफिडेन्स नजर आता है इसलिए नए स्टाइल के दीवाने मूल्य की भी परवाह नहीं करते, और जो करते हैं उनके लिए भी कम विकल्प नहीं हैं जैसे अच्छे और सस्ते पार्लर। ऐसा नहीं है कि बालों को छोटा करके ही नया लुक मिलता है बल्कि लंबे बालों को भी आजकल ऐसे स्टाइल में ढाला जाता है कि खूबसूरती और भी ज्यादा निखर जाती है।


यह कहना गलत नहीं होगा कि एक अच्छा हेयर स्टाइल आपके व्यक्तित्व में जबर्दस्त निखार पैदा कर देता है तो अगर आप अपने पुराने स्टाइल से बोर हो गए हैं तो दे दीजिए खुद को नया लुक, फिर देखिए आपको दुनियां अपने बालों की तरह की खूबसूरत नज़र आने लगेगी। (उर्वशी)

# बैडरूम को रखें साफ सुथरा

शिवांगी झाँब

अगर घर साफ न हो तो बीमारियां होने का खतरा बहुत अधिक बढ़ जाता है। अपने घर को साफ रखने के साथ-साथ जरूरी है कि आप अपने बिस्तर को भी साफ रखें। यह मानना है कि त्वचा संबंधी रोगों के विशेषज्ञों का। उनके अनुसार एलर्जी होने का मुख्य कारण बैक्टीरिया ही हैं जो हमारे गद्दों और तकियों पर पाए जाते हैं।

- सप्ताह में कम से कम एक बार तकियों के कवर व चादर को बदलें और गर्म पानी से धोएं।
- डनलप गद्दों की उम्र भी 5 से 7 वर्ष होती है। इनको समय रहते बदलें। रूई के गद्दों को साल में एक बार फिर से तैयार करवाएं ताकि रूई का गंद साफ हो सके और कवर भी धुल जाएं।
- तकिए की उम्र सिर्फ 3 से 5 साल ही होती है, इसलिए 5 साल बाद उसे जरूर बदलें।
- ओढ़ने वाली चादर को भी सप्ताह में एक बार धोएं।
- महीने में एक बार गद्दों को धूप लगवाना बहुत जरूरी है।
- कंबल को सप्ताह में 1 बार वैक्यूम क्लीनर से साफ करें और हर तीन माह बाद उसे ड्राइक्लीन करवा कर कवर चढ़ा कर रखें। बिना कवर वाला कंबल माह में एकबार ड्राइक्लीन कराएं।
- कई घरों में लोग बिस्तर पर बैठकर ही खाना खाने लग जाते हैं। यह आदत आपकी सेहत के लिए बेहद गलत है क्योंकि खाने के अवशेष संक्रमण फैला कर आपको त्वचा संबंधी परेशानी दे सकते हैं।
- जूतें चप्पलों को शू रैक में रखें। बैडरूम में न रखें।
- बैडरूम की अलमारियों को सप्ताह में एक बार साफ करें। (उर्वशी)



## रेसिपी कार्नर

# त्वचा निखारें, इन्हें आजमाएं




सुनीता गाबा

त्वचा निखर में जितनी आवश्यकता बाहरी देखभाल की होती है उतनी ही आवश्यकता हमारे खान-पान पर भी निर्भर करती है। त्वचा के अंदरूनी निखार हेतु हमें डिटाक्स डाइट का सहारा लेना भी जरूरी है। आइए कुछ ऐसा बनाएं और सेवन करें ताकि त्वचा निखरी निखरी बनी रह सके।

### हर्बल चायः-

**सामग्री** – एक कप हेतु, कद्दूकस किया हुआ अदरक आधा चम्मच, लौंग एक नग, दालचीनी पाउडर आधा चम्मच, तुलसी के पत्ते 3-4, तीन चौथाई चम्मच शहद, आधा चम्मच नींबू का रस।

### विधिः-

एक बर्तन में सवा कप पानी डालें। शहद और नींबू के अतिरिक्त बाकी सामग्री डालकर उबालें। 3 से 4 मिनट तक उबलने दें। इसे उतार कर छान कर शहद और नींबू मिलाकर पिएं। शरीर से विषैले तत्व पेशाब और पसीने के साथ बाहर निकलेंगे और त्वचा में निखार आएगा।



### अनन्नास, तुलसी जूसः-

**सामग्रीः** 1 गिलास के लिए- तीन चौथाई कप कटा हुआ अनन्नास, आधा चम्मच कटे हए तुलसी के पत्ते।

### विधिः-

छिले कटे अनन्नास में तुलसी की कटी पत्तियां डालें थोड़ा पानी मिलाकर मिक्सर में डालें और मिक्सी चला दें। पेस्ट तैयार हो जाने पर इसको एक गिलास में डालें और महीन पिसी बर्फ डालकर या क्यूब्स डालकर पिएं।

### लाल रंग की स्मूदीः-

सामग्री एक व्यक्ति हेतु- 1 चुकंदर, आधा सेब, आधा खीरा।

विधिः- सभी को छील कर काट लें और मिक्सर में डालें। मिक्चर में आधा कप पानी भी डालें, मिक्सर चलाएं। पेस्ट तैयार हाने पर निकाल लें। बड़े मग या गिलास में इसे डालें। बर्फ के टुकड़े डालें और चम्मच की सहायता से इसे खाएं और इसका भरपूर मजा लें।

### मूंग सूपः-

सामग्री एक व्यक्ति हेतु - एक चौथाई कप मूंग साबुत दाल, अदरक का टुकड़ा, जीरा चुटकी भर, हींग चुटकीभर, नींबू का रस एक चम्मच, घी आधा चम्मच।

### विधिः-

रात्रि में मूंग भिगो दें। प्रातः उसे साफ पानी में कुकर डालें। आवश्यकतानुसार पानी डालें। 5-6 सीटी आने तक पकने दें। एक पैन में घी डालकर अदरक, जीर, हींग डालें। हल्का सा भूनें। इसे कुकर खोलकर मूंग की दाल के घोल में डालें। दो मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। गैस बंद कर सूप बाउल में पलटें, नींबू डाल कर गर्म गर्म पिएं। (उर्वशी)

# हम एकजुट रहने के लिए साथ आए हैं

## उद्धव ने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ संयुक्त जनसभा में कहा

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे एकजुट रहने के लिए साथ आए हैं। दोनों चचेरे भाईयों ने मराठी पहचान और हिंदी भाषा थोपने के खिलाफ दो दशक के बाद पहली बार शनिवार को राजनीतिक मंच एक साथ नजर आए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार द्वारा हिंदी भाषा संबंधी सरकारी आदेश (जीआर)वापस लिए जाने का जश्न मनाने के लिए वर्ली में आयोजित 'विजय' रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ने आगामी नगर



निकाय चुनाव साथ मिलकर लड़ने का संकेत दिया। यहां के एनएस-सीआई डोम में आयोजित रैली में भारी भीड़ की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, ''हम एकजुट रहने के लिए एक साथ आए हैं। हम एक साथ मिलकर बृह्नमुंबई महान-गरपालिका (बीएमसी)और महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करेंगे।'' मुंबई के प्रतिष्ठित नगर निकाय को शिवसेना अपना गढ़ और गृहक्षेत्र मानती है, तथा अन्य नगर निकाय चुनाव आगामी महीनों में होने वाले हैं। उद्धव से पहले रैली को संबोधित करते हुए राज ने चुटकी ली और कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों चचेरे भाइयों को एक साथ लाकर वह काम कर दिया है जो शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और अन्य लोग नहीं कर सके। चचेरे भाई के साथ मतभेदों के कारण शिवसेना छोड़ने के बाद राज ठाकरे ने वर्ष 2005 में मनसे का गठन किया और इसे भूमिपुत्रों के हितों के सच्चे हिमायती के रूप में पेश किया। इस अवधि के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में अपना विस्तार किया और 2022 में शिवसेना को विभाजित करने वाले एकनाथ शिंदे और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ हाथ मिलाया। पिछले चार महीनों में ठाकरे बंधुओं के एकसाथ आने की मांग तेज हो गई थी। दोनों ठाकरे बंधुओं के साथ आने के लिए त्रि-भाषा नीति और तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने के मामले में राज्य सरकार का ढुलमुल रवैया एक साझा आधार साबित हुआ।

# करोल बाग में आग से तबाह विशाल मेगा मार्ट से दो शव बरामद

**नयी दिल्ली :** मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित विशाल मेगा मार्ट में शुक्रवार शाम लगी आग में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप (25) नाम के व्यक्ति का शव लिफ्ट के अंदर मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि आग के दौरान फंस जाने के कारण उसकी मौत दम घुटने से हुई। दूसरे मृत व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी 30 वर्षीय पवन गौतम के रूप में हुई है। बाद में कूलिंग अभियान के दौरान उसका शव इमारत से बरामद किया गया। वह लैब टेस्टिंग एमटी के रूप में काम करता था और राजेंद्र नगर में अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। अग्निशमन विभाग और पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम 6:44 बजे पदम सिंह रोड पर स्थित चार मंजिला व्यावसायिक इमारत की दूसरी मंजिल से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के समय कम से कम 50 लोग परिसर के अंदर मौजूद थे। एक सुरक्षा गार्ड ने धुआं देखा और अलार्म बजाकर सभी को तुरंत बाहर निकलने के लिए कहा। घटना के दौरान मौजूद 32 वर्षीय

### भैया अब सांस फूल रहा, कुछ करो...करोल बाग हादसे के पीड़ित ने भाई को भेजा था अंतिम संदेश



अभिषेक ने कहा, ''वहां अफरा-तफरी मच गई। गार्ड शोर मचाता रहा कि 'भागो भागो, आग लग गई है'। लोग सीढ़ियों का उपयोग करके बाहर भागे और कुछ आपातकालीन द्वार से बाहर निकलने में कामयाब रहे।'' हालांकि, धीरेंद्र लिफ्ट के जरिये भागने की कोशिश की, लेकिन अंदर फंस गया। उसके अंतिम क्षण उसके बड़े भाई को भेजे गए हताश भरे लिखित संदेश में दर्ज हैं। शाम 6:51 बजे उसने सबसे पहले लिखा, ''भैया... हम लिफ्ट में हैं। गैस के बीच फंस गये हैं। करोल बाग मेगा मार्ट।'' उसका अंतिम संदेश था, ''अब सांस फूल रही है। कुछ करो।'' इसके बाद कोई संदेश नहीं भेजा गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि आग ने मुख्य रूप से दूसरी मंजिल को प्रभावित किया, जहां काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का भंडार था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग मुख्य रूप से दूसरी मंजिल पर लगी, जहां भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा, बड़ी मात्रा में कपड़े और पैकेजिंग सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई। परिसर में धुआं भर गया, जिससे बचाव कार्य और अधिक कठिन हो गया। आग पर काबू पाने के लिए 13 दमकल गाड़ियां और करीब 90 अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया गया। आग बुझाने का काम कई घंटों तक चला, जो शनिवार की सुबह तक जारी रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रेलवे पुलिस ने यात्री को तीन लाख रुपये से भरा बैग लौटाया

**पालघर :** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कर्मचारी ने लोकल ट्रेन में 3.2 लाख रुपये से भरा बैग भूल गए एक व्यक्ति की पहचान कर इसे वापस किया। एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। जीआरपी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि, अभिषेक शुक्ला (30) शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे चर्चगेट जाने वाली ट्रेन से उतरते समय बोईसर स्टेशन पर अपना बैग भूल गए। अभिषेक ने तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष में कॉल कर इसकी जानकारी दी। सफाले रेलवे स्टेशन पर जीआरपी कर्मियों को इसकी सूचना दी गई और जब ट्रेन वहां पहुंची तो उन्होंने बैग बरामद कर लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि उचित प्रक्रिया पूरी करने के बाद बैग शुक्ला को लौटा दिया गया, उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने रामविलास पासवान को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक की जयंती पर मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रामविलास पासवान का पूरा जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित था। अन्य भाजपा नेताओं ने भी दिवंगत दलित नेता को याद किया। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने समाज के गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए पासवान के समर्पण की सराहना की।

### बिहार में गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 94 प्रतिशत गणना फार्म वितरित किये गये: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने गति पकड़ ली है। लगभग 94 प्रतिशत गणना फॉर्म मतदाताओं के बीच वितरित किए गए हैं और 13 प्रतिशत से अधिक फॉर्म उनसे वापस एकत्र किये गये हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं द्वारा भरे गए या सत्यापित किए गए 1.04 करोड़ या 13.19 प्रतिशत गणना फॉर्म एकत्र किए गए हैं। राज्य में 7.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और लगभग 94 प्रतिशत फॉर्म वितरित किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, ''आज शाम छह बजे तक 1,04,16,545 गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जो 24 जून 2025 तक पंजीकृत बिहार के कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.9 करोड़) मतदाताओं का 13.19 प्रतिशत है।''

### डीआरडीओ और एम्स-ऋषिकेश ने क्लिनिकल परीक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक संस्थान और ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चरम वातावरण में मानव प्रदर्शन से संबंधित बायोमेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान और 'क्लिनिकल परीक्षण' के लिए आपस में समझौता किया है। अधिकारियों ने बताया कि डीआरडीओ और एम्स-ऋषिकेश के बीच सहयोग से मानव प्रदर्शन पर चरम वातावरण के 'प्रभावों के शमन' के लिए उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और रणनीतियों के विकास में मदद मिलेगी।

# ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने झुक जाएंगे प्रधानमंत्री: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की एक टिप्पणी को लेकर शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसानी से झुक जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके इस बयान को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पीयूष गोयल जितना चाहें अपनी छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर दो अप्रैल को 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगा दिया था। हालांकि, कुछ दिन बाद ही इसे 90 दिन के लिए यानी नौ जुलाई तक टाल दिया गया था। इस बीच, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल शुल्क अब भी लागू है। आगामी नौ जुलाई की समयसीमा खत्म होने के पहले भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशों में लगे हुए हैं। इसके लिए दोनों पक्षों के अधिकारियों और मंत्रियों के स्तर पर कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं।

# भाषा विवाद : कार्यालय पर हमले के बाद निवेशक केडिया ने माफी मांगी

## पांच मनसे समर्थक गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पांच समर्थकों को शनिवार को निवेशक सुशील केडिया के यहां वर्ली स्थित कार्यालय पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले केडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मराठी न सीखने के बारे में लिखते हुए राज ठाकरे को चेतवावनी दी कि ''क्या करना है बोल?', जिसके बाद यह हमला किया गया। हमले के कुछ घंटों बाद केडिया ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्होंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। केडिया ने ठाकरे की सराहना भी की। केडिया ने कहा कि उन्होंने दबाव और तनाव के कारण गलत मानसिक स्थिति में पोस्ट अपलोड किया था और अपनी गलती का एहसास होने के बाद वे इसे स्पष्ट रूप से सुधारना चाहते थे। केडिया ने कहा, मराठी न जानने वालों पर की गई हिंसा से मानसिक रूप से दबाव में आकर मैंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया व्यक्त की।'' उन्होंने कहा कि बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनको अपनी अति-प्रतिक्रिया वापस लेनी चाहिए और पीछे हट जाना चाहिए। अपने माफीनामे वाले वीडियो में केडिया ने कहा, मुंबई में 30 साल रहने के बाद भी एक मूल मराठी व्यक्ति के पास जो दक्षता और प्रवाह हो सकता है, वह हम हासिल नहीं कर पाएंगे।

# भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक तीर्थस्थलों के दर्शन के लिये विशेष ट्रेन चलाएगा आईआरसीटीसी

**नयी दिल्ली :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लोकप्रियता के मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई 2025 से 'श्रीरामायण यात्रा' के नाम से अपनी पांचवीं विशेष ट्रेन यात्रा शुरू करने जा रहा है। यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिये आयोजित समारोह के बाद से शुरू हुई श्रृंखला का हिस्सा है। आईआरसीटीसी के अनुसार, 'श्री रामायण यात्रा', 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और इसमें भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक स्थलों को शामिल किया जाएगा। यात्रा की शुरुआत अयोध्या से होगी और इसके बाद नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वार-ाणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और अंत में दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जाएगी, जिसके बाद यह यात्रा दिल्ली लौटकर समाप्त होगी। आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु देशभर से इन स्थलों की यात्रा में रुचि दिखा रहे हैं। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने कहा, राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यह हमारी



पांचवीं 'रामायण यात्रा' है। पहले की सभी यात्राओं को तीर्थयात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। यात्रा का किराया तृतीय श्रेणी वातानुकूलित यान (थर्ड एसी) के लिए प्रति व्यक्ति 1,17,975 रुपये, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित यान (सेकेंड एसी) के लिए 1,40,120 रुपये, प्रथम श्रेणी वातानुकूलित यान (फर्स्ट एसी) केबिन के लिए 1,66,380 रुपये और 'फर्स्ट एसी' कूप के लिए 1,79,515 रुपये निर्धारित किया गया है। पैकेज शुल्क में ट्रेन यात्रा, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था (सभी श्रेणियों के लिए), शुद्ध शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों से यात्रा एवं दर्शन, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी यात्रा प्रबंधक की सेवाएं शामिल हैं।

### कंगना रनौत बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों का दौरा करने के वास्ते मंडी रवाना

**शिमला :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत शनिवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए रवाना हुईं। कांग्रेस ने एक दिन पहले ही आरोप लगाया था कि राज्य पार्टी नेतृत्व उनकी अनुपस्थिति से नाराज है। मंगलवार को मंडी जिले में बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई भारी तबाही में 14 लोगों की मौत हो गई और 31 लापता लोगों की तलाश जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से शनिवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब त्रासदी के दौरान रनौत की अपने निर्वाचन क्षेत्र से अनुप-स्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मंडी का दौरा करेंगी। मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद रनौत ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं हिमाचल प्रदेश जा रही हूं। जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करूंगी। मैं हर परिस्थिति में हिमाचल प्रदेश के साथ खड़ी हूं।'' रनौत ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा था, हिमाचल प्रदेश में लगभग हर साल बाढ़ के कारण होने वाली तबाही को देखना दिल दहलाने वाला है।

# न्यायमूर्ति वर्मा मामले की आंतरिक जांच की कोई संवैधानिक प्रासंगिकता नहीं : सिब्बल

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शनिवार को कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के मामले में उच्चतम न्यायालय की आंतरिक जांच रिपोर्ट की ''कोई संवैधानिक प्रासंगिकता नहीं'' है, क्योंकि जांच केवल न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत ही हो सकती है। सिब्बल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरकार पर न्यायमूर्ति शेखर यादव को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यक्रम में 'सांप्रदायिक टिप्पणी' करने के लिए न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस पर उनके हस्ताक्षर के कथित सत्यापन के लिए उनसे संपर्क करने के



राज्यसभा सचिवालय के कदम पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य ने न्यायमूर्ति वर्मा मामले पर कहा, ''संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत, यदि राज्यसभा के 50 सदस्य या लोकसभा के 100 सदस्य किसी न्यायाधीश को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस देते हैं, तो न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत न्यायाधीश जांच समिति गठित की जाती है।'' वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि लेकिन केवल संसद के पास ही ऐसी समिति गठित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि संसद कानून बना सकती है, उस कानून के तहत जांच की जाएगी और जांच के बाद किसी न्यायाधीश के दुर्व्यवहार या अक्षमता पर निर्णय दिया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में महाभियोग प्रस्ताव को पारित होने के लिए दो-तिहाई बहुमत से मंजूरी दिया जाना आवश्यक है। सिब्बल ने कहा कि संविधान किसी भी आंतरिक प्रक्रिया को मान्यता नहीं देता है। उन्होंने कहा, ''आप किस आधार पर कह रहे हैं कि न्यायमूर्ति वर्मा दोषी हैं? मंत्री इस संबंध में टिप्पणियां कर रहे हैं।''

### मुंबई हवाई अड्डे पर यात्री के बैग से 45 जानवर बरामद, दम घुटने से कई मरे

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को एक यात्री से 'रैकून', काली लोमड़ी और 'इगुआना' समेत 45 जंगली जानवर जब्त किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस यात्री को तड़के थाई एयरवेज की उड़ान से यहां पहुंचने पर पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि बैग की तलाशी लेने सीमा शुल्क विभाग की टीम ने 45 जानवर मिले किए, जिनमें 'रैकून', 'हाईरेक्स (जो खरगोश जैसे दिखते हैं)', काली लोमड़ी और 'इगुआना' आदि शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि जिस तरह से इन जानवरों को तस्करी के जरिए लाया जा रहा था, उससे एवं दम घुटने से उनमें से कई जानवर मर चुके थे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रामीणों के साथ की धान की रोपाई



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। गांव के पुरुषों और महिलाओं के साथ धान की रोपाई करने के बाद धामी ने फेसबुक पर लिखा, ''खेत में काम करके पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं।'' उन्होंने लिखा, ''अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं के वाहक भी हैं।'' मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ भूमि के देवता भूमियां, जल के देवता इंद्र और छाया के देवता मेघ की भी पूजा की तथा ग्रामीणों ने धान की रोपाई से जुड़ा लोक नृत्य 'हुड़किया बौल' प्रस्तुत किया।

# केंद्र ने राज्यों से घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं पर कार्रवाई करने को कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राज्यों से दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उपभोक्ता मामलों के विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देश भर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने की अपील करते हैं। विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के विनिर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। विभाग ने कहा, भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं, इसलिए सवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है। विभाग ने बताया कि घटिया हेलमेट की बिक्री सुरक्षा से समझौता करती है। वर्ष 2021 से एक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू है, जिसके तहत सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई-चिह्नित हेलमेट अनिवार्य है। जून 2025 तक, पूरे भारत में 176 विनिर्माता हैं, जिनके पास सुरक्षात्मक हेलमेट के लिए वैध बीआईएस लाइसेंस हैं। बयान में कहा गया, विभाग ने पाया है कि सड़क किनारे बेचे जाने वाले कई हेलमेट में अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन का अभाव है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी जोखिम होता है और सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौत हो जाती है। गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए, बीआईएस नियमित रूप से कारखाने और बाजार की निगरानी करता है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 500 से अधिक हेलमेट नमूनों का परीक्षण किया गया और बीआईएस मानक चिह्न के दुरुपयोग के लिए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए गए। दिल्ली में एक अभियान में, नौ विनिर्माताओं से 2,500 से अधिक गैर-अनुपालन वाले हेलमेट जब्त किए गए, जिनके लाइसेंस समाप्त हो चुके थे या रद्द कर दिए गए थे।

# संयुक्त रैली में उद्धव ने 'रुदाली' जैसा भाषण दिया : फडणवीस

**पंढरपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि उद्धव ने संयुक्त रैली में 'रुदाली' (पेशेवर शोकसभा) जैसा भाषण दिया। फडणवीस ने दोनों चचेरे भाइयों (उद्धव और राज ठाकरे) को फिर से मिलाने का श्रेय उन्हें देने के लिए मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को धन्यवाद दिया। इससे पहले, दो दशकों के बाद उद्धव और राज ने सार्वजनिक मंच साझा किया और 'आवाज मराठीचा' नामक एक विजय सभा आयोजित की जो राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने के लिए सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाने के लिए की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने मजाकिया अंदाज में फडणवीस को दोनों चचेरे भाइयों को एक साथ लाने का श्रेय दिया। फडणवीस ने उद्धव पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, ''आज बालासाहेब ठाकरे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे। मुझे बताया गया था कि यह एक 'विजय' रैली होनी थी, लेकिन यह एक 'रुदाली' भाषण निकला।'' 'रुदाली' शब्द कुछ क्षेत्रों में विशेष रूप से राजस्थान में पेशेवर महिला शोक-संतप्तों को कहा जाता है। इन क्षेत्रों में विशेष रूप से उच्च जाति के परिवारों में उन्हें अंतिम संस्कार के दौरान सार्वजनिक रूप से शोक व्यक्त करने के लिए रखा जाता था।

# मुझे उम्मीद है कि मैं 30-40 साल और जीवित रहूंगा: दलाई लामा

**धर्मशाला :** दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर जारी अफवाहों पर एक प्रकार से विराम लगाते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह लोगों की सेवा के लिए 30-40 साल और जीवित रहेंगे। मैकलोडगंज में मुख्य दलाई लामा मंदिर त्सुगलागखांग में रविवार को आयोजित होने वाले जन्मदिवस कार्यक्रम से पूर्व दीर्घायु प्रार्थना समारोह में तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि उन्हें ''स्पष्ट संकेत'' मिल रहे हैं कि अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद उनके साथ है। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु ने कहा, ''कई भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मैंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। मुझे उम्मीद



है कि मैं अभी 30-40 साल और जीवित रहूंगा। आपकी प्रार्थनाएं अब तक फलदायी रही हैं।'' दलाई लामा ने कहा कि बचपन से ही उन्हें लगता था कि उनका अवलोकितेश्वर से गहरा नाता है। उन्होंने कहा, ''मैं अब तक बुद्ध धर्म और तिब्बत के लोगों की अच्छी तरह से सेवा कर पाया हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं 130 साल से ज़्यादा जीऊंगा।'' निर्वासित तिब्बती सरकार ने 14वें दलाई लामा का जन्मदिन मनाने के लिए यहां एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। समारोह के हिस्से के रूप में मुख्य मंदिर में दीर्घायु प्रार्थना समारोह आयोजित किया गया जिसमें 15,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रवक्ता तेनजिन लेक्षय के अनुसार, मंदिर में श्रद्धालुओं, तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधियों, विभिन्न मठों के वरिष्ठ लामाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दलाई लामा ने कहा कि हालांकि तिब्बती लोग अपना देश खो चुके हैं और भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन वह ''प्राणियों को काफी लाभ पहुंचाने में सक्षम रहे हैं।'' इस अवसर पर दलाई लामा ने चीनी नेता माओत्से तुंग से मुलाकात को भी याद किया, जिन्होंने कहा था, ''धर्म जहर है।'' दलाई लामा ने कहा, ''...लेकिन मैंने उनकी बात का जवाब नहीं दिया, उन्होंने वास्तव में बहुत बुरी नजर डाली, लेकिन मैंने जवाब नहीं दिया। मुझे दया आई, फिर बाद में मैं नेहरू से मिला। अपने पूरे जीवन में मैं ऐसे लोगों से मिला हूं जिनकी धर्म में रुचि है और ऐसे लोगों से भी मिला जिनकी धर्म में रुचि नहीं है।'' उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मग्रंथों में लोगों की अलग-अलग मानसिक प्रवृत्तियों और स्वभाव की बात कही गई है लेकिन इसके बावजूद हर कोई खुशी पाने का प्रयास करता है।

# भारत का पहला राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय क्षेत्र में भाई-भतीजावाद को समाप्त करेगा: शाह

**आणंद :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि गुजरात में सहकारी क्षेत्र के लिए बनने वाला देश का पहला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का काम करेगा क्योंकि भविष्य में इस क्षेत्र में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही नौकरी मिलेगी। शाह आणंद कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान के परिसर में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू) की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय का नाम दिवंगत त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जो भारत में सहकारी आंदोलन के अग्रणी नेत-



ाओं में से एक थे और जिन्होंने अमूल की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टीएसयू का निर्माण 500 करोड़ रुपये की लागत से 125 एकड़ पर किया जाएगा। 22 अक्टूबर 1903 को आणंद के खेड़ा में जन्मे पटेल का निधन तीन जून 1994 को हुआ था। उन्होंने कहा, ''विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में लगने वाले भाई-भतीजावाद के आरोपों को दूर करने का काम करेगा। अतीत के विपरीत भविष्य में केवल प्रशिक्षित लोगों को ही इस क्षेत्र में नौकरी मिलेगी। पहले लोगों को काम पर रखा जाता था और फिर प्रशिक्षित किया जाता था।''

# बर्मिंघम टेस्ट: शुभमन गिल का ऐतिहासिक प्रदर्शन, भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का विशाल लक्ष्य दिया

## जीत के लिए चाहिए सात विकेट



**बर्मिंघम :** बर्मिंघम में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 608 रनों का कठिन लक्ष्य रखा। कप्तान शुभमन गिल ने शानदार 161 रन बनाए और इस मैच में कुल 430 रन बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया।गिल ने इस मैच में दोहरा शतक (पहली पारी में 269) और दूसरी पारी में शतक जड़ा। वे सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ते हुए एक टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बन गए। इसके अलावा वे गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज़ भी बन गए।दूसरी पारी में गिल के अलावा रविंद्र जडेजा (नाबाद 69), ऋषभ पंत (65) और केएल राहुल (55) ने भी अहम योगदान दिया। गिल और जडेजा के बीच पांचवें विकेट के लिए 175 रन की मजबूत साझेदारी हुई।हालांकि, टीम इंडिया की देर से पारी घोषित करने की रणनीति पर विशेषज्ञों और दर्शकों ने सवाल उठाए। चेतेश्वर पुजारा ने ऑन एयर कहा कि भारत को कम से कम 30 मिनट पहले पारी घोषित कर देनी चाहिए थी। 'होलीज स्टैंड' में इंग्लैंड के प्रशंसकों ने बोरिंग बोरिंग के नारे भी लगाए और हूटिंग शुरू कर दी।गेंदबाजी में आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाते हुए दिन का अंत 3 विकेट पर 72 रन पर कराया। आकाशदीप ने खतरनाक बेन डकेट और जो रूट को आउट किया जबकि सिराज ने जाक क्राउली का विकेट लिया।अब देखना होगा कि इंग्लैंड की टीम, जो 'बैजबॉल' नीति को फॉलो करती है, इस लक्ष्य के जवाब में आक्रामक रुख अपनाती है या मुकाबला बचाने की कोशिश करती है। कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की सोच आम तौर पर ड्रॉ के बजाय नतीजों पर केंद्रित रहती है।मैच के अंतिम दिन भारत जीत के बेहद करीब नजर आ रहा है, जबकि इंग्लैंड को अपनी बल्लेबाज़ी में चमत्कारिक प्रदर्शन दिखाना होगा।

## सूर्यवंशी युवा वनडे में सबसे तेज और सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले वाले खिलाड़ी बने

**वॉर्सेस्टर :** प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से प्रभावित करना जारी रखते हुए युवा वनडे मैच का सबसे तेज शतक जड़ा जिससे भारत अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच में शनिवार को यहां नौ विकेट पर 363 रन बनाये। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यावंशी ने 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने सिर्फ 78 गेंदों की पारी में 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183 का रहा। सूर्यावंशी ने अपना शतक 52 गेंद में पूरा कर सबसे तेज युवा वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था। गुलाम ने 2013 में इंग्लैंड



के खिलाफ ही 53 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय खिलाड़ियों में यह रिकॉर्ड राज अंगद बावा के नाम था जिन्होंने 2022 में अंडर-19 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ 69 गेंदों में शतक बनाया था। वह इसके साथ ही युवा क्रिकेट के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज भी बन गए हैं। सूर्यवंशी की उम्र 14 साल और 100 दिन है। उन्होंने बांग्लादेश के नाजमुल हुसैन शान्टो का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 14 साल और 241 दिन की उम्र में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया था। सूर्यवंशी ने इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधि करते हुए सिर्फ 35 गेंद में शतक जड़ा था। वह इस लीग के सबसे युवा शतकवीर बनने के साथ सबसे तेजी से शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। बिहार के समस्तीपुर के इस खिलाड़ी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पुरुषों के युवा टेस्ट में दूसरा सबसे तेज शतक भी जड़ा था। उसने सिर्फ 58 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। वह सिर्फ इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली से पीछे है, जिन्होंने 2005 में 56 गेंदों में शतक बनाया था। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

## भारत के खिलाफ बचे हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट बाहर

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट शनिवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शेष दो मैचों से चोटिल होने के कारण बाहर हो गईं। उन्हें बाईं जांघ में चोट लगी है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने बताया कि टैमी ब्यूमोंट श्रृंखला के बाकी दोनों मैचों में टीम की कमान संभालेंगी। ब्यूमोंट ने ब्रिस्टल में तीसरे मैच के दौरान भी सिवर-ब्रंट के मैदान से बाहर रहने के दौरान टीम की अगुवाई की थी। सिवर ब्रंट की जगह टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज माइया बाउचियर को शामिल किया गया है। ईसीबी से जारी बयान के मुताबिक, 'स्कैन (जांच) से पता चला है कि ब्रिस्टल में लगी चोट के कारण नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शेष मैचों को नहीं खेल पायेंगी।'

SAC SHREE AGRASAIN COLLEGE
Gateway of Success...
Affiliated to University of Calcutta
4 Yr/ 3 Yr Degree Courses offered (under CCF) (Self Financed)
DIRECT ADMISSION 2025-26
Through College Portal
Morning Shift (Girls only)
B.A. (Hons.) English, History, Hindi
(General) Education, Geography, Pol. Sc., English, History, Hindi
B.Com.
Day Shift (Co - Ed.)
B.Com. (Hons.) (General)
B.B.A. (Hons.)
B.Sc. (Hons.) Computer science, Computer Application
Fully AC
Scholarships for meritorious and needy students
Outdoor games (Cricket, Football, Badminton, Volleyball)
Career Oriented Add-On Courses
Placement Assistance
National Level Seminars, Workshops
Student friendly College
Of all the memories you make here, some you remember, some you forget. At the end, you get a new perception of life and build a solid foundation for the future.
-M. P. Shroff, Chairman
Direct Admission through College Portal
www.shreeagrasaincollege.net
For enquiry contact helpdesk
5/2A Height Road, Liluah How 711204
(Near Liluah Railway Station)
Follow Us
9804774641, 9830307369, 03326554916/17

ESTD. 1922
श्री हनुमान परिषद
103 YEARS
(W. B. Govt. Registration No. S/8444)
MANDIR ROAD, P.O. TARKESHWAR, Dist. HOOGHLY (W.B.)
Regd. Office : P-44, RABINDRA SARANI, KOLKATA-1
रविवार ०६.०७.२०२५ सुबह १० बजे
स्थान : श्री हनुमान परिषद, तारकेश्वर, श्रावण मेला उद्घाटन समारोह

समारोह अतिथि
श्री प्रहलाद राय गोयनका
(INDUSTRIALIST & SOCIAL WORKER)
श्री सुशांत शाह
JOINT COMMISSIONER OF INCOME TAX
श्री अशोक जिंदल
(JUDGE, CESET JUDUCIAL MEMBER) - SPECIAL GUEST
डा. सुदीप्तो राय
MLA (SREERAMPUR ) - SPECIAL GUEST
श्री सुबोध बाजोरिया
(HANDLOOM HOUSE )
श्री उत्तम कुंडू
(CHAIRMAN TARAKESHWAR MUNICIPALITY) - SPECIAL GUEST

महोदय,
१०३ वर्ष के प्रवेश पर श्री हनुमान परिषद
श्रावण मेला २०२५ के उद्घाटन समारोह
०६.०७.२०२५ रविवार, सुबह १० बजे
तारकेश्वर धाम स्थित धर्मशाला मे श्रावण महीने में कांवड़ियों की सेवा एवं चैत्र महीने में सन्यासी कांवड़ियों की सेवा की जाती है। संपूर्ण वर्ष तीर्थ यात्रियों के रहने एवं भोजन की सुविधा रहती है। धर्मशाला में श्री हनुमान जी के विराट मंदिर में संपूर्ण वर्ष पूर्णिमा एवं प्रत्येक मंगलवार भजन एवं श्रृंगार का आयोजन होता है।
परिषद श्रावण भर चलने वाले सेवा शिविर के उद्घाटन समारोह में आपको सादर आमंत्रित करते है।
सभापति श्रीकृष्ण कुमार सिंघानिया
सचिव अरुण कुमार धेलिया

श्रावण मेला समिति २०२५
अध्यक्ष: राजीव कानोड़िया
उपाध्यक्ष: सिद्धार्थ मालू, अभ्युदय दूगड़
मेला संयोजक: सुशील कुमार चौधरी
मेला सहसंयोजक: कमल किशोर मोरीजावाला
स्वागताध्यक्ष: प्रभात कुमार मितल, नारायण अग्रवाल (परसरामपुरिया), प्रदीप लुहारीवाला, सतीश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, रामकिशोर लुहारीवाला

परिषद पदाधिकारी
सभापति: श्रीकृष्ण कुमार सिंघानिया
मुख्य संरक्षक: सीताराम शर्मा
चेयरमैन: जगदीश प्रसाद बेड़िया
मुख्य सलाहकार: भानी राम सुरेका
उपसभापति: महेश अग्रवाल (आधुनिक), सुशील कुमार चौधरी
सचिव: अरुण कुमार धेलिया

कार्यकारिणी समिति
चण्डी प्रसाद अग्रवाल, विश्वनाथ सुरेका, जगदीश प्रसाद सिंघी, महावीर प्रसाद अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, अनूप सरकार

श्री हनुमान परिषद ट्रस्टी
श्रीकृष्ण कुमार सिंघानिया, भानीराम सुरेका, ललित बेरीवाल, पुरुषोत्तम बेरीवाल, चंडी प्रसाद अग्रवाल, जगदीश प्रसाद बेड़िया

संरक्षक
पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, पद्मश्री सज्जन भजनका, रामकिशन गोयल, सुबोध बाजोरिया, प्रदीप संघई
श्याम खेतान - Khetan Cooker, महेश कुमार अग्रवाल - Adhunik, बी एल चौधरी - Himadri, विश्वनाथ चौधरी - Anmol, सुदेश अग्रवाल (कॉक्स होजियरी)
कमल किशोर मोरिजावाला, बृजमोहन बैरीवाल, अनूप बगड़िया, नंदकिशोर सामोता, महावीर प्रसाद अग्रवाल
बिजय गुजरवासिया, पवन गोयनका, सुशील कुमार चौधरी, विश्वनाथ सुरेका, अनिल (लड्डू) मेहनसरिया
सुनील जैन, सुशील पोद्दार, गोविंद प्रसाद पंसारी, रमेश कुमार नांगलिया, नारायण प्रसाद सरावगी

All Donation u/s 80G & CSR
सभी सदस्य गणों को सविनय आमंत्रण
हमारी शाखाएं : तारकेश्वर • जगतदल • भाटपाड़ा • कांकीनाड़ा

वर्ष 10, पूर्णांक 3288 अंक 098, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in